www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

देशबन्धु

वर्ष –10 I अंक–213 I सागर, शनिवार 20 सितम्बर 2025 I पृष्ठ–8 I मूल्य – 2.00 रुपए

मधुमक्खियों का हमला, 7 रेलवे कर्मचारी घायल पृष्ठ 2

ओडिशा में जैविक खेती की पहल
दोहा पर किया हमला बढ़ायेगा इज़रायल की मुसीबतें पृष्ठ 4

धार्मिक आयोजन को लेकर एसडीएम ने नहीं दी किसी भी पक्ष को अनुमति पृष्ठ 6

मकरोनिया चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल शुरू, मिलेगी जाम से राहत पृष्ठ 8

सार-समाचार

भारत का पहला मानवयुक्त मिशन निर्धारित : वी.नारायणन

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत का गगनयान कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित वापस पृथ्वी पर लाना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 की अंतिम तिमाही में निर्धारित है। बेंगलुरु में हाइड्रोजन फ्यूल नेशनल वर्कशॉप के उद्घाटन के दौरान मीडिया के बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम से जुड़े लगभग 80 से 85 प्रतिशत कार्य पहले ही कर लिए गए हैं। नारायणन ने कहा कि पहला मानवरहित मिशन इस साल दिसम्बर में निर्धारित है।

डाक संचालन परिषद में फिर चुना गया भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत को दुबई में आयोजित वैश्विक डाक संघ (यूपीयू) के 28वें अधिवेशन में यूपीयू की प्रशासन परिषद (सीए) और डाक संचालन परिषद (पीओसी) के लिए पुन: निर्वाचित किया गया है। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विदेश मंत्रालय ने इस सफलता की सराहना करते हुए सदस्य देशों का आभार जताया है। दूरसंचार मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के संगठन यूपीयू के निकायों के लिए भारत का पुन: निर्वाचित भारतीय डाक के नेतृत्व, सुधारों और नवीन डिजिटल पहलों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के विश्वास को दर्शाता है। भारत 1876 से यूपीयू का सदस्य रहा है और वैश्विक डाक नेटवर्क को मज़बूत बनाने में निरंतर योगदान देता रहा है।

बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

मुंबई, एजेंसी। मुंबई पुलिस ने बताया है कि बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस ने हाईकोर्ट परिसर की तलाशी ली और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। यह दूसरी बार है जब हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हाल ही में भी ऐसी ही धमकी मिली थी; पूरे हाईकोर्ट को खाली करा लिया गया था, लेकिन कुछ भी नहीं मिला।

चार धाम यात्रा को हेलिकॉप्टर परिचालन को फिर मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने मानसून के बाद चार धाम यात्रा के लिए फिर हेलिकॉप्टर परिचालन शुरू करने की मंजूरी दे दी है। 15-16 सितम्बर से शुरू हुई इन सेवाओं में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कई अतिरिक्त कदम उठाए गए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, राज्य सरकार और उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूसीएडीए) के बीच घनिष्ठ समन्वय सुनिश्चित करने को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ कई बैठकें कीं।

एआईएफएफ के संविधान मसौदे को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ संशोधनों के साथ एआईएफएफ (ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन) के संविधान के मसौदे को मंजूरी दे दी है। साथ ही फुटबॉल संस्था को इसे चार हफ्तों के भीतर आम सभा में अपनाने का निर्देश भी दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कल्याण चौबे की अध्यक्षता वाले एआईएफएफ के मौजूदा पदाधिकारियों के चुनाव को भी मान्यता दी है। सुप्रीम कोर्ट ने नए चुनाव की संभावना को खारिज कर दिया है क्योंकि मौजूदा पदाधिकारियों का कार्यकाल का सिर्फ एक साल बाकी है। इससे पहले एशियन फुटबॉल फेडरेशन और फीफा ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन को पत्र लिखकर 30 अक्टूबर तक अपना संविधान तैयार करने का आदेश दिया था, वरना एआईएफएफ को निलंबित करने की धमकी दी गई थी। न्यायालय ने कई दिनों तक विभिन्न राज्य फुटबॉल संघों और पूर्व खिलाड़ियों द्वारा संविधान के मसौदे पर उठाई गई आपत्तियों पर भी सुनवाई की।

शराब घोटाले में 20 ठिकानों पर छापे के बाद ईडी ने कहा-

सरकार को 4 हजार करोड़ की चपत

सोना या नकदी के रूप में ली रिश्वत, चुनाव में लगी काली कमाई

नई दिल्ली, देशबन्धु।प्रवर्तन निदेशालय हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने आंध्र प्रदेश शराब घोटाले में हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, तंजावुर, सूरत, रायपुर, दिल्ली एनसीआर और आंध्र प्रदेश में 20 स्थानों पर छापेमारी करने के बाद यह खुलासा किया है कि- इसमें सरकारी खजाने को 4 हजार करोड़ की चपत लगाई गई। आरोपियों को सोना,नकदी के रूप में रिश्वत दी गई और काली कमाई चुनाव में लगाई गई। यह मामला आंध्र प्रदेश में शराब घोटाले से जुड़ा है।

ईडी ने सरकारी खजाने को 4000 करोड़ रुपये के नुकसान के लिए आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत आंध्र प्रदेश सीआईडी द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी। इस वर्ष पांच फरवरी को, आंध्र प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि अक्टूबर 2019 से मार्च 2024 तक की नई शराब नीति के तहत, इस केस के आरोपी ब्रांड किलिंग और नए ब्रांड प्रमोशन में लिप्त रहे। एसआईटी ने आरोपपत्र और पूरक आरोपपत्र दायर किए हैं, जिनमें अन्य बातों के अलावा, स्वचालित प्रणाली की जगह मैन्युअल अनुमोदन प्रणाली अपनाने, ब्रांड-वार इंडेंटिंग और आपूर्ति मात्रा में हेरफेर करने की बात सामने आई है। चुनिंदा डिस्टिलरी और मार्केटिंग फर्मों को लाभ पहुंचाने, आपूर्तिकर्ताओं को उनके इनवॉइस मूल्य का 15-20त्न रिश्वत के रूप में देने के लिए मजबूर करने, ऐसा न करने पर उनके ब्रांडों को दबा देने या सूची से हटा देने की कार्रवाई की गई।

ईडी ने कहा है कि सेवाओं की आपूर्ति के बहाने अलग-अलग जगहों पर पैसे भेजे गए और लेन-देन बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए। वहीं छापेमारी में कीमतों के साक्ष्य देने वाले समानांतर चालान भी मिले ईडी के तलाशी अभियान के दौरान, अपराध से प्राप्त आय (पीओसी) के सृजन और परिवहन के लिए फर्जी/बढ़ा-चढ़ाकर किए गए लेन-देन के साक्ष्य देने वाली आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। गैर-परिवहन वाहन विवरण वाले फर्जी चालान और परिवहन चालान भी जब्त किए गए हैं।

खरीद प्रणाली स्वचालित से मैन्युअल में बदली गई

इसमें उन लोकप्रिय शराब ब्रांडों (जैसे मैकडॉवेल्स, रॉयल स्टैग, इंपीरियल ब्लू, आदि) को दरकिनार करना शामिल था, जिन्होंने रिश्वत देने से इनकार कर दिया था। इसके बजाय डिस्टिलरी और आपूर्तिकर्ताओं से भारी भुगतान के बदले नए या नकली ब्रांडों को बढ़ावा दिया गया। खरीद प्रणाली को स्वचालित से मैन्युअल में बदल दिया गया, जिससे ऑर्डर फॉर सप्लाई (ओएफएस) में हेराफेरी की गुंजाइश बन गई।

मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला

असम राइफल्स के 2 जवान शहीद

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर में कुछ दिनों की शांति के बाद फिर हिंसा भड़क गई। शुक्रवार को उपद्रवियों ने असम राइफल्स के जवानों को ले जा रहे एक ट्रक पर घात लगाकर हमला कर दिया। इसमें एक जवान की मौत हो गई है और कम से कम 3 जवान घायल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बिष्णुपुर जिले के नांबोल सबल लेइकाई इलाके में हुई है। यह जगह चुराचांदपुर और इंफाल के बीच है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ बंदुकधारी लोगों ने असम राइफल्स के जवानों को इंफाल से बिष्णुपुर ले जा रहे एक वाहन पर घात लगाकर हमला कर दिया। हमला शाम करीब 6 बजे हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि घायल जवानों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुटे हैं।

हाल ही में प्रधानमंत्री ने किया था दौरा

यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब हफ्ते भर पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य का दौरा किया था। मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद ये उनका पहला दौरा था। उन्होंने कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की थी, हिंसा प्रभावित लोगों से मुलाकात की थी और जनसभा को भी संबोधित किया था। उन्होंने मणिपुर को हौंसले और हिम्मत की धरती बताते हुए दोनों पक्षों से शांति कायम करने की अपील की थी।

सौतेली मां को पेंशन देने से इंकार करते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

पेंशन कोई उपहार नहीं है

नई दिल्ली, देशबन्धु। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सौतेली मां की दायर याचिका अपना पक्ष रखा है। सरकार ने कहा कि पेंशन कोई उपहार नहीं है। भारतीय वायुसेना के नियमों के तहत सौतेली मां को पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं माना जा सकता, क्योंकि वह कानून और रिश्ते दोनों ही नजरिये से असली मां से अलग है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ के सामने केंद्र सरकार ने भरण-पोषण और अन्य कल्याणकारी लाभों से संबंधित शीर्ष अदालत के विभिन्न फैसलों का हवाला दिया है जिनमें कहा गया था कि मां शब्द का तात्पर्य केवल प्राकृतिक या जैविक मां से है, सौतेली मां से नहीं। इसी वजह से सौतेली मां को पेंशन नहीं दी जा सकती है। केंद्र सरकार ने कहा- पेंशन हालांकि कोई उपहार नहीं है और इस पर अधिकार के रूप में दावा किया जा सकता है, लेकिन यह कानून का एक स्थापित सिद्धांत है कि ऐसा अधिकार न तो पूर्ण है और न ही निरपवाद। पेंशन लाभ चाहने वाले व्यक्ति को लागू वैधानिक प्रावधानों या विनियमों के तहत स्पष्ट अधिकार स्थापित करना होगा। केंद्र का यह रुख सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है जिसमें जयश्री वाई जोगी को विशेष पारिवारिक पेंशन देने से इनकार कर दिया गया था। बताया जाता है कि जोगी ने 6 साल की उम्र से पालन-पोषण किया था। जोगी ने बताया कि उसकी जैविक मां के निधन के बाद बच्चे के पिता ने उससे शादी की थी। उन्होंने एएफटी के 10 दिसंबर, 2021 के आदेश को इस आधार पर चुनौती दी कि वह एक सौतेली मां थी, इसलिए वह जैविक मां को मिलने वाली विशेष पारिवारिक पेंशन के लाभ की पात्र नहीं थी।

मुख्यमंत्री ने रीवा जिले के चाकघाट में उद्यमियों से की चर्चा, कहा-

निवेश से विन्ध्य को मिलेगी विकास की नई गति

- रोजगारपरक उद्योग लगाने पर सरकार करेगी हर संभव मदद
- नवम्बर में बनारस में होगी औद्योगिक समिट

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि औद्योगिक निवेश से विन्ध्य एवं त्योंथर को विकास की नई गति मिलेगी। उद्योगपति रोजगारपरक उद्योग लगायें सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बनारस से आये उद्यमियों के आग्रह पर घोषणा की कि नवम्बर माह में काशी विश्वनाथ की नगरी में औद्योगिक समिट का आयोजन होगा। बनारस के उद्यमियों ने भी विन्ध्य क्षेत्र में एक हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा जिले के चाकघाट में उद्यमियों से वन-टू-वन चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप हम स्वदेशी के मूलमंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। आप सभी उद्यमी अपने उद्योग स्थापित करने के लिये आगे आयें, राज्य शासन द्वारा आपको हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में हम देश में उच्चतम स्तर पर होंगे। उन्होंने उद्यमियों को पराली से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रामनगर में होगा 1 हजार करोड़ का निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्यमियों को प्रदेश में निवेश के लिये आमंत्रित किया। बनारस रामनगर के 17 उद्योगपतियों और प्रतिनिधियों ने कहा कि रीवा जिले में एक हजार करोड़ का निवेश करेंगे। उद्यमियों के वन-टू-वन चर्चा में रामनगर उद्योग एसोशियेसन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अंगवस्त्रम व काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। डी.एस. मिश्रा अध्यक्ष रामनगर उद्योग संघ वाराणसी, राकेश जायसवाल, दिलीप सिंह अध्यक्ष म.प्र. चावल संघ तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम योजनान्तर्गत उद्यमी अमित गौतम ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद किया। उद्यमियों ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली विवि में अध्यक्ष समेत 3 पदों पर विद्यार्थी परिषद की जीत, उपाध्यक्ष पर एनएसयूआई विजयी

नई दिल्ली, देशबन्धु। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित हुए। विद्यार्थी परिषद ने इस बार तीन सीटों पर जीत हासिल की है जिसमें अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव का पद शामिल है। वहीं एनएसयूआई के राहुल झासला ने उपाध्यक्ष का पद जीता है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन को संयुक्त रूप से कोई सीट नहीं मिली।

छात्र संघ के नए अध्यक्ष मान ने कहा कि उन्हें अपनी जीत पर 100 प्रतिशत भरोसा था। उन्होंने कहा कि मुझे सभी कॉलेजों के छात्रों का समर्थन प्राप्त था। मेरी पहली प्राथमिकता डीयू छात्रों के लिए मेट्रो रियायती पास की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करना होगा। इसके अलावा, सभी एथलीटों के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण उपकरण उपलब्ध कराना भी मेरी प्राथमिकता होगी। डूसू चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जीत के बाद केंद्रीय मंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस चुनाव में एबीवीपी के आर्यन मान ने अध्यक्ष पद जीता, कुणाल चौधरी ने सचिव पद जीता और दीपिका झा संयुक्त सचिव चुनी गईं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी की प्रचंड जीत पर परिषद के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, यह जीत युवाओं की राष्ट्र प्रथम की विचारधारा में अटूट विश्वास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जनसुनवाई में महिला ने लगाए थे अभद्रता के आरोप, मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई कार्रवाई

सबलगढ़ एसडीएम निलंबित

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सबलगढ़, मुरैना के एस.डी.एम. अरविन्द माहौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुरैना कलेक्टर की जनसुनवाई में एसडीएम के खिलाफ महिला से अभद्रता करने और नियमों के विपरीत पटवारियों के स्थानांतरण को लेकर यह कार्रवाई की गई। डॉ. यादव द्वारा एसडीएम को निलंबित करने के ये निर्देश संभागायुक्त-चंबल को दिए गए हैं।

दरअसल, बीते दिनों मुरैना कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान पीड़ित परिवार ने कलेक्टर अंकित अस्थाना से एसडीएम की वीडियो समेत शिकायत की थी। महिला ने आरोप लगाया कि एसडीएम अरविंद माहौर पिछले एक साल से उनकी बेटी को फोन कर गालियां दे रहे हैं। परिवार को मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने एसडीएम मुख्यालय अटैच कर उनसे कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। अब इस मामले में मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए निलंबित करने के आदेश दिए हैं।

पीड़िता का कहना है कि एसडीएम अरविंद माहौर उसकी बेटी को देर रात 12 बजे के बाद मैसेज करते ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा

जनसेवा में आचरण की मर्यादा से कोई समझौता नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा, सबलगढ़ के एस.डी.एम. अरविन्द माहौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनसेवा में आचरण की मर्यादा से कोई समझौता स्वीकार नहीं है। एसडीएम श्री माहौर के विरुद्ध गंभीर शिकायतें प्राप्त होने पर संभागायुक्त-चंबल को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों पर कसा शिकंजा

474 और दलों को सूची से हटाया

मानदंडों व नियमों का उल्लंघन करने पर गिरी गैर-मान्यता प्राप्त दलों पर गाज

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय चुनाव आयोग ने 474 और पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को अपनी सूची से हटा दिया है। साथ ही चुनाव आयोग ने बताया कि उसने देश भर में 359 और पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो इस दर्जे को बनाए रखने के लिए आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे।

चुनाव आयोग ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी, जवाबदेह और विश्वसनीय बनाना है ताकि केवल सक्रिय राजनीतिक दल ही पंजीकरण के लाभ उठा सकें। राजनीतिक दल, चाहे राष्ट्रीय, राज्य या आरयूपीपीएस हों, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के अनुसार चुनाव आयोग में पंजीकृत होते हैं। अधिनियम के प्रावधानों के हत, एक बार राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत

होने के बाद, किसी भी संगठन को चुनाव चिह्न, कर छूट आदि जैसे कुछ विशेषाधिकार और लाभ प्राप्त होते हैं। राजनीतिक दलों के पंजीकरण के दिशा-निर्देशों में उल्लेख है कि यदि कोई दल लगातार 6 सालों तक चुनाव नहीं लड़ता है, तो उसे पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया जाएगा। चुनावी प्रणाली को साफ करने के लिए एक व्यापक और सतत रणनीति के हिस्से के रूप में, ईसीआई ने कहा कि वह 2019 से लगातार 6 साल तक एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहने वाले आरयूपीपी की पहचान करने और उन्हें सूची से हटाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभ्यास कर रहा है।

दो चरणों में हटाए गए 808 दल

इस प्रक्रिया के पहले चरण में, 9 अगस्त को 334 आरयूपीपी को सूची से हटा दिया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि इसके क्रम में, दूसरे चरण में, चुनाव आयोग ने 18 सितम्बर को 474 आरयूपीपी को सूची से हटा दिया, क्योंकि उन्होंने लगातार 6 वर्षों तक चुनाव आयोग द्वारा आयोजित चुनावों में भाग नहीं लिया था। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 121 दल हटाए गए। इसके अलावा महाराष्ट्र (44), तमिलनाडु (42), दिल्ली (40), पंजाब (21), मध्य प्रदेश (23), बिहार (15), राजस्थान (17) और आंध्र प्रदेश (17) जैसे राज्यों में भी बड़ी संख्या में दलों को सूची से बाहर किया गया। कुल मिलाकर दूसरे चरण में 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 474 दलों को हटाया गया। इस प्रकार, पिछले दो महीनों में 808 आरयूपीपी को सूची से हटा दिया गया है। इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए, 359 ऐसे आरयूपीपी की पहचान की गई है, जिन्होंने पिछले तीन वित्तीय वर्षों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल का चुनाव आयोग पर फिर हमला, बोले-

चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा

जिन लोगों के नाम का इस्तेमाल कर वोट हटाए गए उन्हें यह पता ही नहीं था और सुबह चार बजे भी नाम हटाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए : **राहुल गांधी**

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित 'वोट चोरी' को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा और चोरों को बचाता रहा।

राहुल गांधी ने मतदाता सूची से नाम कथित तौर पर नाम हटाए जाने से संबंधित अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस का एक छोटा वीडियो एक्स पर शेयर। राहुल गांधी ने दावा किया है कि जिन लोगों के नाम का इस्तेमाल कर वोट हटाए गए उन्हें यह पता ही नहीं था और सुबह चार बजे भी नाम हटाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए। कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया, सुबह चार बजे उठो, 36 सेकंड में दो वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ। ऐसे भी हुई वोट चोरी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा और चोरों को बचाता रहा। राहुल गांधी ने गुरुवार को कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि उनकी पार्टी के समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास हुए और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र की हत्या करने वालों तथा वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने उनके आरोपों को गलत और निराधार करार दिया। वहीं भाजपा ने दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बार-बार लगाए गए आरोप भारतीय लोकतंत्र में उनके और कांग्रेस के अविश्वास को दर्शाते हैं। बीजेपी ने कहा कि आयोग ने उनके नए वोट चोरी के आरोप को निराधार और गलत बताते हुए खारिज कर दिया है।

सार-समाचार

स्वाभिमान से जीने की कला से हो पारंगतः मुनिश्री

खुरई, देशबन्धु। प्राचीन जैन मंदिर में विराजमान मुनिश्री निश्कंपसागर ने धर्म सभा को संबोधित करते हुये कहा कि व्यक्ति को सदैव स्वाभिमान की जिन्दगी जीने की कला से पारंगत होना चाहिये। जिल्लत की जिन्दगी जीने से तो अच्छा है मर जाना। संत तो संकेतों में उत्तर देते हैं और समझदार के लिये संकेत ही पर्याप्त होते हैं। समझदार संकेत की भाषा समझ जाता है और मूर्ख इस भाशा को नहीं समझता, इसलिये उसे डंडे की भाषा समझानी पड़ती है। संत और पुलिस दोनों समाज में एक जैसा काम करते हैं। फर्क केवल इतना है कि संत संकेत से समझाता है और पुलिस डंडे से। दरअसल जो संत के संकेत नहीं समझते, उन्हें ही पुलिस के डंडे खाने पड़ते हैं। संसार में पांव डाला ही न जाये, क्योंकि कीचड़ में पांव डालना और फिर धोना, इसमें जीवन का बहुमूल्य समय बर्बाद हो जाता है। अगर जीवन में ब्रह्मचर्य की साधना जीवन भर कर सको, तब तो यह जीवन का श्रेष्ठतम मार्ग होगा और यदि यह सम्भव न हो, तो फिर गृहस्थ जीवन में प्रवेश करो और समर्पण एवं सहन करने की भावना के साथ जीवन जीओ। गृहस्थ जीवन में शादी करो एवं सामंजस्य व तालमेल बिठाकर रखो। विवाह, शुरू में वाह वाह, बीच में आह, अंत में तबाह, यही है विवाह। प्रायः मनुष्य का यही अनुभव है, यह कटु सत्य है। इसे मनुष्य चिन्तन नहीं करता है। किसी का विवाह होता है, तो शुरू में एक दो साल तो उसे ऐसा लगता है, उसके घर में स्वर्ग उतर आया है। शुरू में वाह वाह, फिर असली जिन्दगी शुरू होती है तब मनुष्य को समझ में आता है कि आटा-दाल का भाव क्या होता है। अर्थात बीच में आह आह और अंत में गृहस्थी के जंजालों से जूझते हुये तबाह तो होना ही पड़ता है। कोई सोचता है विवाह कर लूंगा, घर में पत्नी आ जावेगी। मगर पत्नी का एक और अर्थ समझते है, ज्ञानियों की दृष्टि में, पत्नी यानी त्रिमुखी का अदभुत संगम। पहले चन्द्रमुखी, फिर सूर्यमुखी और अंत में ज्वालामुखी। प्रवचन सभा के पूर्व आचार्यश्री के चित्र का अनावरण श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया। उसके उपरांत मुनि संघ को शास्त्र भेंट किये।

मां से साथ छूट जाने पर रास्ता भटके 3 बच्चों को परिजन से मिलाया

सागर, देशबन्धु। थाना मोतीनगर क्षेत्र में बड़ी माता मंदिर के पास 3 बच्चे मिले है, जो घर का रास्ता भटक गये है सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल.112 भोपाल में 18 सितम्बर को रात्रि 7.19 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल मोतीनगर थाना क्षेत्र में तैनात डायल.112 वाहन को मदद के लिये रवाना किया गया। स्टाफआरक्षक मधुर दुबे एवं पायलेट बसंत तिवारी ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को संरक्षण में लिया। बच्चों से जानकारी लेने पर बच्चे सही जानकारी नहीं दे पा रहे थे। जवानों ने बच्चों को एफआरव्ही वाहन से साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर एक स्थानीय व्यक्ति से बच्चों के परिजन की जानकारी मिली। परिजन से संपर्क कर उन्हें बुलाया, बच्चों द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत बच्चों को परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार बच्चे अपनी मां के साथ बड़ी माता मंदिर आये हुये थे, जो साथ छूट जाने से रास्ता भटक गये थे।

भगवती मानव कल्याण संगठन ने ग्राम चकेरी को किया नशामुक्त घोषित

जैसीनगर, देशबन्धु। ग्राम चकेरी बदबदी को पूर्णता है शराब मुक्त एवं नशामुक्त बनाने के लिये भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी ग्राम वासियों को एकत्र कर शुक्रवार को नशामुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने सरपंच, सचिव एवं गांव के बुद्धिजीवी वर्गों के साथ यह सुनिश्चित किया कि ग्राम चकेरी में किसी भी प्रकार का कोई भी व्यक्ति नशा नहीं करेगा न इस गांव में अवैध शराब बिकने देंगे यदि कोई व्यक्ति नशा करता पाया गया एवं अवैध शराब विक्रय करते हुये पाया गया तो उसे कानून के दायरे में लाकर अर्थ दंड देना होगा।

मधुमक्खियों का हमला, 7 रेलवे कर्मचारी घायल

2 को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया

बीना, देशबन्धु। रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में सफाई के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे 7 कर्मचारी घायल हो गये। इनमें से दो को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। घटना स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत शुक्रवार को हुई। रेलवे प्रशासन ने करीब 25 कर्मचारियों को डिपो के बाहर झाड़ियों की सफाई के लिये लगाया था। काम के दौरान ही मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले में घायल हुये कर्मचारियों में रविशंकर शर्मा 59, अब्दुल बाहिद 56, शेर सिंह 48, फारूक 42, ऋषि तिवारी 38, अनिल बामने 49, रवि कुमार 41 हैं। बताया गया है कि हर कर्मचारी को 6 से 10 जगह डंक लगे हैं। रवि कुमार और ऋषि तिवारी को हमले के दौरान गिरने से कमर में भी चोट आई है। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल रवि कुमार और अनिल बामने को बेहतर इलाज के लिये भोपाल रेफर कर दिया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि अधिक डंक लगने पर स्थिति जानलेवा भी हो सकती थी। इस घटना से रेलवे कर्मचारियों में भारी गुस्सा है। उन्होंने अधिकारियों का घेराव कर सुरक्षा इंतजामों की कमी पर सवाल उठाये। कर्मचारियों का आरोप है कि बिना किसी सुरक्षा उपकरण और तैयारी के उन्हें सफाई के लिये भेजा गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हालांकि अधिकारी इस मामले पर कुछ भी कहने से बचते रहे।

पुलिया के नीचे फंसा ट्राला, 16 घंटे बाद निकला

सागर-खुरई रोड पर यातायात रहा बंद, क्रेन की मदद से निकाला राखड़ से भरा वाहन

सागर, देशबन्धु। सागर-बीना रेल लाइन पर स्थित श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर के नीचे सागर-खुरई मार्ग पर बना रेलवे फाटक 11 दिन के लिये बंद किया गया है। ऐसे में सागर-खुरई मार्ग वाहन फाटक के पास बनी पुलिया से होकर गुजर रहे हैं। रास्ता क्षतिग्रस्त होने और पानी, कीचड़ होने के कारण जाम की स्थिति बन रही है। गुरुवार रात करीब 8 बजे पुलिया के नीचे से गुजर रहा राखड़ से भरा ट्राला फंस गया। कीचड़ में धंसने से वह निकल नहीं सका। ट्राला फंसने से सागर-खुरई मार्ग पर यातायात बंद हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन पुलिया में पानी होने और अंधेरा होने के कारण ट्राला निकाला नहीं जा सका। इसके बाद शुक्रवार सुबह से ट्राला को बाहर निकालने की मशक्कत शुरू की गई। क्रेन और हाइड्रा की मदद से दोपहर करीब 12 बजे ट्राला को पुलिया से बाहर निकाला गया। तब जाकर इस मार्ग पर यातायात बहाल हो सका। इस दौरान करीब 16 घंटे जरुआखेड़ा होते हुये खुरई जाने वाले मार्ग पर यातायात बाधित रहा। ट्राला ड्राइवर छोटेलाल ने बताया कि ट्राले में सीमेंट का पाउडर राखड़ भरा हुआ है। वह भीलवाड़ा से कटनी जा रहा था। रास्ता बंद होने की जानकारी नही थी। वाहनों के पीछे चलते हुये पुलिया में ट्राला डाल दिया। लेकिन कीचड़ होने के कारण ट्राला फंस गया। रेलवे फाटक 11 दिन के लिये बंद किया गया है। अप-डाउन ट्रैक पर तीसरी लाइन में ओवरहालिंग कार्य के लिये यह फाटक 27 सितंबर तक 11 दिन बंद रहेगा। लेकिन फाटक बंद करने के दौरान रेलवे ने ऑप्शनल मार्ग तैयार नही कराया। राहगीर पुलिया के नीचे से होकर गुजर रहे हैं। पुलिया में पानी और कीचड़ होने के कारण वाहन फंस रहे हैं, जाम की स्थिति बन रही है। जरूवाखेड़ा गेट से रोजाना बड़ी संख्या में दोपहिया, चार पहिया, यात्री बसें समेत भारी वाहन आवागमन करते हैं। गेट बंद होने से वाहन चालकों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है।

फौजी ढाबे से 7 पेटी शराब पकड़ाई, ढाबा संचालक फरार

सागर, देशबन्धु। कैंट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर स्थित ढाबे पर पुलिस ने छापामार कार्यवाही की। इस दौरान ढाबा से अवैध रूप से रखी शराब मिली। पुलिस ने शराब जब्त कर मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। ढाबा संचालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे-44 पर फौजी ढाबे में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब रखी हुई है। लोगों को शराब बेची जा रही है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम गठित कर कार्यवाही के लिये रवाना की गई। टीम ने हाईवे पर पहुंचकर ढाबे पर दबिश दी। जहां तलाशी लेने पर ढाबे से 7 पेटी शराब बरामद हुई। कार्रवाई होते देख ढाबा संचालक भूपेंद्र यादव फरार हो गया। पुलिस कार्यवाही में ढाबे से शराब जब्त कर थाने लाई। कैंट थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि फौजी ढाबे पर कार्यवाही कर शराब जब्त की है, ढाबा संचालक फरार हो गया। ढाबा संचालक भूपेंद्र यादव के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

पापेट और गुगरा खुर्द के किसानों ने लिया जैविक खेती करने का संकल्प

शाहगढ़, देशबन्धु। मानव विकास सेवा संघ द्वारा संचालित स्वाति परियोजना के माध्यम से जैविक खेती को बढ़ावा देने वाले संसाधन आदि के लिए संस्थान के निदेशक, एटीए, बीटीएम ने पापेट और गुगरा खुर्द गांव का दौरा किया और किसानों को जागरूकता रैली निकालकर जैविक खेती करने प्रेरित किया। जितेंद्र राजपूत ने स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके बीआरसी में एक दवाई, पानी की टंकी बनाने का सुझाव दिया और गाँव को पूर्णत: जैविक गाँव बनाने के लिए गावों के किसानों ने समर्थन करते हुए संकल्प लिया, विपिन जैन ने शाहगढ़ ब्लॉक में किये जा रहे नि:शुल्क मृदा शोधन के बारे में विस्तार से बताया, मानव विकास सेवा संघ के संचालक फादर थॉमस फिलिप ने किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने के महत्व पर बल दिया उन्होनें बताया कि प्राकृतिक खेती ना केवल स्वास्थ्य के लिये लाभदायक है बल्कि पर्यावरण मिट्टी और भूमिगत जल को दूषित होने से बचाता है। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर संजीव तिवारी द्वारा जैविक उत्पादन और मार्केटिंग की एफएससी के बारे में जानकारी दी पापेट और गुगरा खुर्द के किसानों ने जैविक खाद दवाईयों के बारे में समझकर उपयोग करने का संकल्प लिया, किसानों ने माना कि इस पद्धति से खेत में कार्बनिक तत्वों कि मात्रा में वृद्धि होगी और मिट्टी में जलधारण क्षमता बढ़ेगी और साथ ही लागत कम और उत्पादन में वृद्धि होगी।

शहर की सफाई व्यवस्था देखने बाइक से निकले सीएमओ

खुरई, देशबन्धु। शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के साथ शारदीय नवरात्रि पर्व सहित नियमित साफ सफाई व्यवस्था एवं दुर्गा पंडालों के स्थानों की साफ सफाई व्यवस्था, नगर की जल आपूर्ति व्यवस्था, पार्कों की व्यवस्थाओं, स्ट्रीट लाइट्स, प्रकाश व्यवस्थाओं सहित नगर स्वच्छता का निरीक्षण करने बाइक पर सीएमओ राजेश मेहतेले एवं स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी शैलेंद्र सिंह निकले जिसमें मुख्य मार्गों, बाजारों के रास्तों, चौक चौराहों सार्वजानिक स्थलों की बेहतरी से साफ सफाई करवाने, जल आपूर्ति व्यवस्था को जिम्मेदारी से सुचारू रूप से संचालित करने एवं दुर्गा पंडालों झांकियों सहित मंदिरों, धार्मिक स्थलों के आसपास की प्रमुखता से साफ सफाई करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों स्वच्छता सुपरवाइजरों को दिये। वही सफाई में कार्यरत अमला बाइक पर सीएमओ को देखकर हैरान रह गया। वहीं सीएमओ ने मौके पर सफाई करते कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया और नसीहत भी दी कि सफाई कर्मी अपनी हाजरी लगाकर ही काम शुरू करे और ड्यूटी से अनुपस्थित न रहे सभी अपनी अपनी ड्रेस लगाकर काम पर आये।

अधेड़ ने जहर खाकर दी जान, लॉन्ड्री की दुकान चलाता था मृतक

खुरई, देशबन्धु। 48 वर्षीय अधेड़ ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। खुरई के खैरा नाका निवासी रमेश 48 स्व. दुर्गा प्रसाद के पुत्र थे। वह गायत्री मंदिर के सामने लॉन्ड्री की दुकान चलाते थे। बताया गया है कि रमेश ने अपने घर पर अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया, जिसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अब रमेश की ओर से उठाये गये इस कदम के कारणों का पता लगाने में जुटी है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद और आर्थिक तंगी जैसे पहलुओं पर गौर किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार परिजनों और परिचितों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

पंडित, हलवाई और टेंट का भुगतान रुका, विधायक बोली कन्यादान विवाह की राशि नपा को मिल चुकी, फिर पेमेंट क्यों अटका

बीना, देशबन्धु। शुक्रवार को तहसील कार्यालय के सभागार में विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान विधायक निर्मला सप्रे ने नपा के कार्यों और अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने कन्यादान विवाह योजना में भुगतान लंबित होने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि पंडित, टेंट और हलवाई तक का भुगतान रुका हुआ है, जबकि राशि नपा को मिल चुकी है। नपाध्यक्ष ने देरी का कारण कलेक्टर स्तर की जांच बताया। यह मामला पूर्व सीएमओ आरपी जगनेरिया के कार्यकाल के सामूहिक विवाह सम्मेलन से संबंधित है। मोतीचूर नदी पर घाट निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों की स्थिति पर भी विधायक ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिले का सबसे बड़ा शहर होने के बावजूद जगह-जगह गंदगी और अव्यवस्थायें इसकी छवि खराब कर रही हैं। विधायक ने अधिकारियों की लापरवाही से मुख्यमंत्री की घोषणाओं के प्रभावित होने पर चिंता जताई। बैठक में बेसहारा मवेशियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। भीमवार्ड में सांड के हमले से मनोज शर्मा की मौत के बाद विधायक ने इसे गंभीर समस्या बताते हुये तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। नपाध्यक्ष ने सीएमओ को दस लोगों की टीम बनाकर प्रतिदिन बेसहारा मवेशियों को पकड़ने के निर्देश दिये। कई अन्य विभागों की कमियां भी उजागर हुई। इनमें हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के खेल मैदान में बिना अनुमति चल रही क्रिकेट एकेडमी, इंडोर स्टेडियम में पेयजल और स्टाफ की कमी, खाद वितरण में अव्यवस्था, ग्रामीण सड़कों की खराब हालत, ब्रिजों के अधूरे सर्विस रोड और नल-जल योजना में लंबित टंकी निर्माण शामिल थे। विधायक ने इन मुद्दों पर विभागीय अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों और कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया जायेगा।

गरबे की उमंग में गूंजा आत्मनिर्भर भारत का संदेश, स्वदेशी का संकल्प दिलाया

सागर, देशबन्धु। मकरोनिया में आयोजित स्वर्णिम सांस्कृतिक सनातन गरबा महोत्सव में नृत्य और उल्लास के साथ आत्मनिर्भर भारत का संदेश गूंजा। स्वावलंबी भारत अभियान और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में लोगों ने स्वदेशी वस्तुयें अपनाने का संकल्प लिया। प्रांत युवा आयाम टोली सदस्य सौरभ रांधेलिया ने कहा जब बाजार जायेंगे, सामान स्वदेशी लायेंगे। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी। देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने से उद्योग और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्वदेशी अपनाना आत्मनिर्भर भारत का सबसे बड़ा साधन है। गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाकर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। संकल्प के समय पंडाल वन्दे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। जिला प्रशिक्षक रविन्द्र ठाकुर ने कहा कि हम दिन की शुरुआत से ही जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं, उनमें विदेशी कंपनियों की पकड़ बढ़ चुकी है। टूथपेस्ट, साबुन, तेल, कपड़े, जूते, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हर क्षेत्र में विदेशी ब्रांड हावी हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है और धन विदेश चला जाता है।युवाओं और उपभोक्ताओं को समझना होगा कि राष्ट्र की प्रगति और आत्मनिर्भरता तभी संभव है जब हम विदेशी वस्तुओं के आकर्षण से बाहर निकलें और स्वदेशी उत्पादों का सम्मानपूर्वक उपयोग करें। इस अवसर पर अंकित जैन, बृजेन्द्र ठाकुर, अदिति ठाकुर, आशीष सिंह, नितिन साहू, हिमांशु विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

एकल उपयोग प्लास्टिक सफाई अभियान चलाया

गढ़ाकोटा, देशबन्धु। नगर पालिका गढ़ाकोटा द्वारा स्वच्छोत्सव स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एकल उपयोग प्लास्टिक सफाई अभियान आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत एक रैली निकाली गई, जिसमें नागरिकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वे कभी भी एकल उपयोग प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करेंगे। इसके अतिरिक्त नपा की टीम ने विभिन्न दुकानों पर जाकर व्यापारियों एवं ग्राहकों को इस विषय में जागरूक किया और उन्हें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया।

बीकेपी महाविद्यालय में 2 दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

मालथौन, देशबन्धु। पं. बृजकिशोर पटैरिया महाविद्यालय में कला संकाय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिये दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों नियमावली तथा विभिन्न पाठ्यक्रम गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करना रहा। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुबोध जैन, महाविद्यालय के पूर्व छात्र पंकज पंडित, समिति अध्यक्ष गिरीश पटैरिया, संचालक डॉ. आशीष पटैरिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार पाण्डे, प्राचार्या सुनीता जैन, अवद्य प्रभा विद्यापीठ बेसरा स्कूल की संचालिका योगिता पटैरिया ने किया। मुख्य अतिथियों का डॉ. आशीष पटैरिया ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुये डॉ. आशीष पटैरिया ने कहा कि भारत में सदियों से चली गुरु और शिष्य की परंपरा चली आ रही हैं गुरु के बिना शिष्य का जीवन अधूरा हैं। डॉ. जितेन्द्र कुमार पाण्डे ने कहा कि महाविद्यालय की स्थापना सन 2002 में हुई और तब से यह शिक्षा के वट वृक्ष के रूप में सभी विद्यार्थियों को शिक्षारूपी छांव प्रदान कर रहा है। डॉ. सुबोध जैन ने कहा कि च्वाइस बेस्ड सिस्टम में आप किसी भी किसी भी पाठ्यक्रम में पढ़ते हुये अपनी डिग्री पूरी कर सकते हैं जिसमें एक वर्ष अध्ययन करते है तो सर्टिफिकेट और 2 वर्ष अध्ययन करते हैं तो डिप्लोमा और 3 साल अध्ययन करते हैं तो डिग्री प्रमाण दिया जाता है पं. बृजकिशोर पटैरिया महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी आज सही जगह पर है और अनुशासन में रहकर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। गिरीश पटैरिया ने छात्र जीवन में वर्तमान में टेक्नोलॉजी का सदुपयोग करने के बारे में जानकारी दी। इसी बीच कला संकाय में अध्यनरत छात्रा ज्योति लोधी और शीवानी ने बहुत ही सुन्दर एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। मंच का संचालन प्राचार्य सुनीता जैन ने किया। नव प्रवेशित विद्यार्थीयों को जीवन में अनुशासन और पढ़ाई की प्रति ईमानदार रहने की शपथ समिति अध्यक्ष गिरीश पटैरिया ने दिलाई।

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गंगा मंदिर बड़े घाट पर की साफ सफाई

कर्रापुर, देशबन्धु। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शुक्रवार को गंगा मंदिर बड़े घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कर्रापुर नगर परिषद के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत घाट की संपूर्ण सफाई की गई तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि भानुप्रताप सिंह, सभापति जितेन्द्र पर्वत सिंह, प्रशांत अहिरवार, अंकित जैन, सीएमओ राजेश अवस्थी, निकेश सारिया, आशीष कुमार जैन सहित सफाई मित्र एवं पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वच्छता, सेवा और पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देना है। घाट एवं मुक्ति धाम की स्वच्छता और हरियाली जनभागीदारी से ही संभव है। सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता को अपनी आदत बनायें और पौधों की देखभाल कर हरित वातावरण बनाने में सहयोग दें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से सफाई मित्रों का सम्मान करते हुये उन्हें प्रोत्साहित किया और आगे भी ऐसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

हिंदी पखवाड़ा: भारतीय भाषाओं में अभिव्यक्ति कार्यक्रम सम्पन्न

सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि के कौटिल्य भवन सभागार में राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर के मार्गदर्शन मे 14 से 26 सितम्बर तक आयोजित हिन्दी पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत भारतीय भाषा प्रकोष्ठ के सौजन्य से भारतीय भाषाओं में अभिव्यक्ति कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शुभारंभ अपराधशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. ममता पटेल ने किया। उन्होंने बताया कि विचारों की अभिव्यक्ति के लिये भाषा के साथ-साथ भावभंगिमा का महत्व है। इसलिये हमें भाषा के व्याकरण, शब्दावली के साथ-साथ उसकी संस्कृति से भी परिचित होना आवश्यक है ताकि अभिव्यक्ति को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। हिन्दी पखवाड़ा के संयोजक संतोष सोहगौरा ने बताया कि भारतीय भाषाओं की समृद्धि में ही हिन्दी का उत्थान निहित है। हिंदी भारतीय बोलियों और भाषाओं की ही उपज है। आज की जो हिंदी है उसमें भारत की प्रमुख भाषाओं एवं बोलियों के शब्द शामिल हैं। ये विश्वविद्यालय बहुभाषिक संस्कृति के संवर्धन हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विवि के हिन्दीतर भाषा भाषी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ. रूपेन्द्र चौरसिया ने किया। संचालन राजभाषा प्रकोष्ठ के अभिषेक सक्सेना ने किया। विशेष सहयोग विनोद रजक का रहा।

अखिल भारतीय स्तर पर हिन्दी दिवस एवं पखवाड़े का भव्य शुभारंभ

इस वर्ष राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष में 14-15 सितंबर को गांधीनगर गुजरात में हिन्दी दिवस समारोह 2025 एवं पंचम् अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री, भारत सरकार अर्जुनराम मेघवाल, गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, संसदीय राजभाषा समिति के उपाध्यक्ष भर्तृहरी माहताब आदि अतिथि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में विवि के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त कुलसचिव एवं राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने प्रतिभागिता की। विवि में भी उक्त कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। हिन्दी पखवाड़ा. 2025 के संयोजक सोहगौरा ने बताया कि हिन्दी पखवाड़ा के दौरान भी सभी वर्गों हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में कल केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4 के विद्यार्थियों के लिये विकसित भारत/2047 विषय पर हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

सार समाचार

रनगुवां बांध के फाटक खोलकर पानी निकाला

छतरपुर, देशबन्धु। रनगुवां बांध के भराव क्षेत्र में पानी की बढ़ती आवक के मद्देनजर सिंचाई विभाग के एसडीओ सौरभ श्रीवास्तव और जूनियर इंजीनियर प्रेम प्रकाश वर्मा के आदेश पर 18 सितंबर की शाम 5 बजे तीन फाटक और रात 9:30 बजे चार फाटक खोले गए। जूनियर इंजीनियर प्रेम प्रकाश वर्मा ने बताया कि बांध की सुरक्षा को देखते हुए आवश्यकता अनुसार फाटकों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया रनगुवां बांध का पानी निकासी और बांध प्रबंधन का अधिकार उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग बांदा को है। मध्य प्रदेश के सिंचाई विभाग को 33 प्रतिशत पानी किसानों की कृषि सिंचाई के लिए मिलता है, जिसकी देखभाल विभाग को करनी होती है। सितंबर में निर्धारित जलभराव 764 से कम होने के कारण यह रूटीन कदम उठाया गया। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर फाटक खोले गए, जबकि मध्य प्रदेश को 33 प्रतिशत पानी का हिस्सा मिलता है।

शक्तिपीठ में रविवार को होगा सामूहिक श्राद्ध तर्पण

छतरपुर, देशबन्धु। गायत्री शक्तिपीठ में पितृ मोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण कराया जाएगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि संदीप परिव्राजक ने बताया 7 सितंबर से शुरू हुए इस कार्यक्रम में परिजन और धर्मप्रेमी अपने पूर्वजों को कृतज्ञ भाव से श्राद्ध तर्पण कर रहे हैं। 21 सितंबर को दो पालियों में वैदिक विधि-विधान से मुख्य आयोजन होगा। रविवार को पितृ मोक्ष अमावस्या पर गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक श्राद्ध तर्पण का दो पालियों में होगा। प्रथम पाली प्रात: 6.15 से और द्वितीय पाली 9:15 बजे से शुरू होगी। गायत्री परिवार छतरपुर ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि इस पुण्य अवसर पर शामिल होने के लिए मोबाइल नंबर 7415307495 पर पंजीयन कराएं, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके।

धमौरा में भण्डारित उर्वरक में गड़बड़ी मिलने पर दिया नोटिस

छतरपुर, देशबन्धु। किसानों को सुगम तरीके से निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने एवं खाद के अवैध भण्डारण के विरूद्ध कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में दुकानों की निगरानी के कृषि विस्तार अधिकारी एवं पटवारियों से कराई जा रही है। इसी क्रम में माया कुशवाहा शिवाय खाद बीज भण्डार धमौरा को ईफको कंपनी द्वारा 30 मी.टन डीएपी उर्वरक भण्डारित किया गया था। जिसकी जांच और मिलान 18 सितम्बर को कृषि विभाग द्वारा दुकान बंद करते समय शाम को की गई। अगले दिन सुबह फिर से स्टॉक का मिलान किया, जिसमें डीएपी की मात्रा शून्य मी.टन पाई गई। जिसके विरूद्ध माया कुशवाहा धमौरा को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। संबंधित से तीन दिन में जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है। जवाब संतुष्टि पूर्वक न होने पर संबंधित पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी स्कूल के शिक्षक के बिगड़े बोल पर परिसर में हुआ जमकर हंगामा

शिक्षक ने बच्चों को कलावा-टीका लगाने से रोका, अभिभावकों ने जताया विरोध

छतरपुर, देशबन्धु। शुक्रवार को जिला मुख्यालय से सटे गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल निवारी के एक शिक्षक पर बच्चों को हाथ में कलावा बांधने और टीका लगाने से रोककर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए अभिभावकों ने स्कूल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया है। उन्होंने संबंधित शिक्षक पर कडी कार्यवाही की मांग की है।

शुक्रवार को बच्चों के अभिभावकों ने निवारी स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में जाकर विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल बच्चों के अभिभावकों ने शिक्षक भवानीदीन अहिरवार पर आरोप लगाया कि वे बच्चों को धार्मिक प्रतीक माना जाने वाला कलावा हाथ में बांधने और माथे पर टीका लगाने से मना करते हैं। उन पर हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाते हुए अभिभावकों ने कहा शिक्षक द्वारा इस तरह के कृत्यों से बच्चों और उनके परिवारों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। स्कूल में प्रदर्शन की खबर मिलते ही टीआई और शिक्षा विभाग से एडीपीसी व्योम कुमार स्कूल जा पहुंचे। उन्होंने अभिभावकों को समझा-बुझाकर बिगड़ते हालातों को संभाला। बाद में गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी टीआई रीता सिंह को अभिभावकों ने एक लिखित आवेदन देकर अभिभावकों ने शिक्षक को यहां से हटाने की मांग की। साथ ही चेतावनी भी दी, यदि उनकी मांग शीघ्र पूरी नहीं हुई तो हुए उग्र आंदोलन और हाइवे पर चक्का जाम किया जाएगा।

खुलकर बताई शिक्षक की करतूत : निवारी गांव के ओमप्रकाश पांडे सहित बच्चों के कई अभिभावकों ने अधिकारियों के सामने कहा कि शिक्षक भवानीदीन अहिरवार बच्चों को पढाने की बजाय उनके साथ गलत भाषा का प्रयोग करके अभद्र व्यवहार करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक बच्चों से टीका लगाकर, माला पहनकर और कलावा बांधकर स्कूल न आने को कहते हैं। ऐसा करने पर बच्चों को स्कूल से निकालने या नाम काटने की धमकी देते हैं। बागेश्वर धाम के कथा वाचक पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को ढोंगी बाबा बताते हैं। इससे स्कूल का माहौल बिगड़ रहा है और जिस तरह से आक्रोश पनप रहा है, उसे देखते हुए समय से शिक्षक पर कार्यवाही जरुरी है।

इनका कहना है

निवारी गांव के लोगों से एक आवेदन प्राप्त हुआ है। इसके आधार पर वहां के सरकारी स्कूल में पदस्थ शिक्षक को नोटिस देकर जवाब मांगा जाएगा। जांच के बाद संबंधित शिक्षक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

व्योम कुमार
एडीपीसी, शिक्षा विभाग छतरपुर

खजुराहो का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेगा सिविल अस्पताल : सांसद

खजुराहो, देशबन्धु। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने शुक्रवार को खजुराहो के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर खजुराहो के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सिविल अस्पताल में उन्नयन की घोषणा की है।

सांसद ने कहा उन्नयन से यहां स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि होगी और योग्य चिकित्सकों की भी नियुक्ति की जाएगी। सांसद श्री शर्मा ने वहां लगाए गए कई स्टॉलों का निरीक्षण किया और अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में डॉक्टरों से चर्चा भी की।

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबरद्ध से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े का हिस्सा था। सांसद के निर्धारित समय से दो घंटे देरी से पहुंचने और तेज बारिश के कारण कार्यक्रम में लोगों की संख्या कम रही।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से संबंधित बीमारियों की जांच की गई। साथ ही रक्तदान शिविर भी लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। यहां खजुराहो स्वास्थ्य केंद्र में सीएचएमो डा आरपी गुप्ता, बीएमओ अवधेश चतुर्वेदी तथा डॉ जादौन ने सांसद सहित विधायक अरविंद पटैरिया और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। बीएमओ श्री चतुर्वेदी ने सांसद को भगवान मतंगेश्वर का एक छायाचित्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर सांसद श्री शर्मा और विधायक श्री पटेरिया ने भाजपा मंडल उपाध्यक्ष और सेवा पखवाड़ा के संयोजक रविंद्र पाठक को प्रोत्साहित किया।

खेल महोत्सव के पंजीयन बढ़ाएं

सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने नगर परिषद खजुराहो के सभागार में सांसद खेल महोत्सव को लेकर आयोजित बैठक में भाग लिया। उन्होंने खेल महोत्सव के संयोजक और अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन करने और इसमें लोगों की सहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर चंदला राजनगर विधानसभा के संयोजक सिद्धार्थ शंकर सिंह बुंदेला, पंकज पांडे और राजनगर विधानसभा के संयोजक शैलेंद्र यादव भी उपस्थित थे।

पुलिस की बलवा ड्रिल 2 सौ पुलिसकर्मियों ने दिखाया अपना दमखम

छतरपुर, देशबन्धु। पुलिस ने आगामी पर्वों और कार्यक्रमों के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया है। जिसमें 200 पुलिसकर्मियों ने पूरे जोश के साथ अपना दमखम दिखाया।

पुलिस अधीक्षक आगम जैन के निर्देशन में इस अभ्यास के दौरान पुलिस की विभिन्न टुकड़ियाँ सक्रिय रहीं। जिनमें अश्रुगैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, पेट्रोलिंग पार्टी और रिजर्व पार्टी शामिल थीं।

ड्रिल में प्रदर्शनकारियों द्वारा नारेबाजी करते हुए पुलिस पर पत्थरनुमा वस्तुएं फेंकीं। जिसके जवाब में पुलिस ने आवश्यक बल का प्रयोग करके स्थिति को नियंत्रित करने का प्रदर्शन किया। बलवा ड्रिल में पुलिस बल के अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, प्रशासनिक अधिकारी, गिरफ्तारी वाहन, बलवा नियंत्रक वाहन, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, दोपहिया व चारपहिया मोबाइल पेट्रोलिंग दल और बचाव दल ने भी सहभागिता की।

बॉडी प्रोटेक्टर किट का उपयोग जरुर करें : एसपी आगम जैन ने अपने संबोधन में बलवा ड्रिल के महत्व पर प्रकाश डाला। अभ्यास के दौरान सामने आई त्रुटियों और समस्याओं को सुधारने की समझाइश दी। उन्होंने बॉडी प्रोटेक्टर किट; बॉडीगार्ड, जाली, हेलमेट का अनिवार्य रुप से उपयोग करने निर्देश भी दिए। बलवा परेड में अजाक पुलिस अधीक्षक रविंद्र मिश्रा, सीएसपी अरुण कुमार सोनी, एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल, एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे, एसडीओपी बिजावर अजय रिठौरिया, एसडीओपी बड़ामलहरा रोहित अलावा, एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम, रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा सहित सभी थाना चौकी प्रभारी और लगभग 200 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पेड़ पर लटका मिला महिला का शव

छतरपुर, देशबन्धु। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल के पास एक 55 वर्षीय महिला का शव पेड़ पर लटका मिला है। पुलिस ने बताया शव की पहचान छत्रसाल नगर निवासी बेनीबाई कुशवाह पत्नी कंदु कुशवाह के रुप में की गई है। मृतका के परिजन ने बताया बेनीबाई का पिछले दो साल से ग्वालियर में मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा है। बेनीबाई सुबह करीब 4 बजे गाय के लिए चारा काटने खेत पर गई, जब वह काफी देर तक नहीं लौटीं तो तलाश शुरु की। इसी दौरान उसका शव नीम के पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके जांच शुरु कर दी है।

रेत लादकर जा रहे ट्रेक्टर ने ली वरिष्ठ नेता की जान

गौरिहार, देशबन्धु। ग्राम परेई के पास केन नदी की यूपी सीमा से सटी बरुआ रेत खदान से अवैध रुप से रेत लादकर जा रहे एक ट्रेक्टर की टक्कर से भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र अवस्थी की दर्दनाक मौत हो गई है। ग्रामीणों ने बताया बरुआ खदान से ट्रैक्टरों द्वारा अवैध रुप से रेत का दिन रात परिवहन किया जाता है। ये ट्रैक्टर ग्राम परेई में बीच बस्ती से तेज गति से गुजरते हैं। जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। समाजसेवी शिवपूजन अवस्थी ने बताया रेत से ओवरलोड ट्रैक्टरों की अंधी रफ्तार से परेई ग्राम में हाल ही में हुई यह पांचवी मौत है। सुरेंद्र अवस्थी की मौत को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस ने बताया मर्ग कायम करके शव का पोस्टमार्टम कराके परिजन को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

गिलास नंबर गेम में नीता और पीहू अव्वल, व्यंजन स्पर्धा में आरती ने बाजी मारी

छतरपुर, देशबन्धु। नगर अग्रवाल समाज, नवयुवक मंडल और अग्रसेन महिला विकास समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती के मौके पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं की कड़ी में बेटियों और महिलाओं के वर्ग में गिलास नंबर गेम व व्यंजन प्रतियोगिता कराई गई।

जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डॉ रितेश अग्रवाल और डॉ कंचन अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया। पंक्कुअलिटी में राजश्री अग्रवाल, गीता अग्रवाल और रचना अग्रवाल विनर रहीं। पहली प्रतियोगिता गिलास नंबर गेम की हुई, इसमें महिला वर्ग में नीता अग्रवाल प्रथम, जूली अग्रवाल द्वितीय और सुजाता अग्रवाल तृतीय आईं। बेटियों के वर्ग में पीहू अग्रवाल प्रथम, अवनी अग्रवाल द्वितीय और परी अग्रवाल तृतीय आई। व्यंजन प्रतियोगिता में आरती अग्रवाल के व्यंजन का जायका सभी को ऐसा भाया कि वे अव्वल रहीं। संगीता अग्रवाल द्वितीय और साक्षी अग्रवाल तीसरे नंबर पर रहीं।

बताया गया है 20 सितम्बर को दोपहर 3 से 4 बजे तक 5 से 10 वर्ष के बच्चों की और इसके बाद शाम 4 से 5 बजे तक महिलाओ की फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता कराई जाएगी।

हरपालपुर और अमा के स्कूलों के संगोष्ठी का आयोजन

हरपालपुर, देशबन्धु। स्वच्छता सद्भावना सेवा पखवाडे के तहत हरपालपुर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संस्था प्रभारी प्राचार्य पीसी अनुरागी और अमा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य राकेश प्रजापति की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा सेवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने कहा विद्यार्थी जीवन से ही जीवन जीने की कला सीखकर आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार और देशभक्ति का मार्ग अपनाना चाहिए। दोनों शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ। जिसमें 50 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हरपालपुर के स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक महेश अहिरवार, कविता त्रिपाठी, जितेंद्र विश्वकर्मा, गीतांजलि केन मौजूद रहीं। अमा स्कूल के कार्यक्रम में शिक्षक रामप्रकाश शर्मा, महेंद्र मिश्रा, कृष्णपाल यादव, वेदनारायण नामदेव, प्रियंका दुबे, पारुल दुबे, इरकिसा रानी, अमित तिवारी, अरविंद यादव और नंदराम अहिरवार मौजूद रहे।

हाईवे पर ट्रक ने 7 गायों को रौंदा, मौके पर मौत

बमीठा, देशबन्धु। शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे झांसी-खजुराहो नेशनल हाईवे क्रमांक 39 पर स्थित बागेश्वर धाम तिराहा और गंज ब्रिज के बीच किसी तेज रफ्तार ट्रक ने वहां बैठी सात गायों को रौंद दिया। जिसे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई है।

हादसे के बाद मृत गोवंश के शव घंटों तक सड़क पर पड़े रहे। राहगीरों ने बताया कि शवों को कुत्ते नोंच रहे थे। दुर्गंध के कारण वहां से गुजरने वालों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया। सड़क पर शव पड़े होने से यातायात भी प्रभावित हुआ। पीएनसी के कर्मचारियों ने मृत गोवंश को एक-दूसरे से दूर तो कर दिया, लेकिन उन्हें हाइवे से हटाया नहीं गया। बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया गोवंश को कुचलने वाले मामले में अब तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, पुलिस इसे स्वत: संज्ञान लेकर जानकारी जुटा रही है।

पीएनसी को पत्राचार के माध्यम से सूचना भी दी जाएगी। नगर में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी, प्रयास होगा कि गोवंश हाईवे पर न बैठे। बता दें कि कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा गोवंश को सड़क से हटाने के कड़े आदेश दिए गए थे, लेकिन इन आदेशों का पालन न हाने से आए दिन सड़कों पर बैठे देखे जाते हैं, गोवंश सड़क हादसों के शिकार भी हो रहे हैं।

लोक कल्याण मेला में स्टॉल लगाकर महिलाओं ने दिया आत्मनिर्भरता का संदेश

छतरपुर, देशबन्धु। शुक्रवार को नगर पालिका छतरपुर द्वारा लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने किया।

एनआरएलएम के नेतृत्व में मेले में स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने अपने हाथों से बनाए कई उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। इसमें इंदिरा तेजस्वनी स्वसहायता समूह पड़वाहा की महिलाओं द्वारा बनाई गई हैंडमेड ज्वैलरी, रोशनी स्वसहायता समूह धमना द्वारा तैयार टेराकोटा की वस्तुएं, उज्ज्वला स्वसहायता समूह पड़रिया की महिलाओं ने सरसों तेल और मालादेवी स्वसहायता समूह कैथोकर की महिलाओं द्वारा बनाए गए हैंडलूम उत्पाद लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहे। मेले में आने वालों ने इन उत्पादों की खूब सराहना की। मेले में शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को शासन की योजनाओं का लाभ दिया गया और पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया गया।

योजनाओं के बारे में जानकारी दी : इस दौरान जिला परियोजना प्रबंधक श्याम गौतम ने स्वसहायता समूहों के बारे में जानकारी दी। एसबीआई एफएलसी से एमएल दीक्षित ने समूह के सदस्यों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेनदेन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के बारे में बताया। मेले में उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष विकेंद्र बाजपेयी सहित पार्षदगण, निकाय के अधिकारी व कर्मचारी और नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बुंदेलखंड एक अलग राज्य बनता है, तो क्षेत्र में व्यापक विकास होगा : शास्त्री

छतरपुर, देशबन्धु। बागेश्वर धाम के कथावाचक पं धीरेंद्र कृष्णशास्त्री ने गुरुवार की रात श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति के 75वें अमृत महोत्सव के तहत आयोजित रामलीला के मंच से लोगों को संबोधित करते हुए बुलंदेखंड को अलग राज्य बनाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा अगर बुंदेलखंड एक अलग राज्य बनता है, तो इससे निश्चित रुप से इस क्षेत्र में व्यापक विकास, प्रगति और गति आएगी।

इस बारे में देश की अपनी सरकार और कानून हैं, सत्ता में बैठे बुद्धिमान लोग उसी के अनुसार निर्णय लेंगे। सड़कों पर बेसहारा गायों के घूमने को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड, और हिंदुओं के लिए दुर्भाग्य की बात है कि हम जिस गाय को मां कहते हैं, वह सड़कों पर है ये बेहद कष्टदायी है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर बुंदेलखंड और मध्य प्रदेश में जल्द से जल्द कदम उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा हमें लगता है कि सरकारों को हर ब्लॉक या हर जिले में 5-5 गौशालाओं का निर्माण कराना चाहिए, जिसमें 5 से 10 हजार तक गौवंशों को रखा जाए। अगर यह व्यवस्था की गई तो सड़कों पर गाय नजर ही नहीं आएंगी।

खजुराहो में पर्यटन बढ़ाने के लिए एडवेंचरस गतिविधियां बढ़ाएं : कलेक्टर

छतरपुर, देशबन्धु। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् डीएटीसीसी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिए गए।

कलेक्टर श्री जैसवाल कहा पर्यटन को बढावा देने के लिए एडवेंचर्स एक्टिविटी को बढाएं। पर्यटन विकसित करने एवं रोजगार की दृष्टि से खजुराहो रेलवे स्टेशन पर महिला स्टॉल, पश्चिमी मंदिर समूह तक वृद्ध एवं दिव्यांगजनों की पहुंच के लिए ईकार्ट गाड़ी, रनेहफॉल वाले क्षेत्रों में आजीविका मिशन को एक समूह चिन्हित कर एक फूड स्टॉल और टेराकोटा के स्टॉल लगाने के प्रस्ताव भेजने के लिए नोडल अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने बताया छतरपुर के प्रताप सागर तालाब में जल क्रीड़ा गतिविधियां कराने के लिए झांसी की संस्था को स्वीकृति दी गई। कलेक्टर ने विधायक राजनगर अरविंद पटेरिया द्वारा ग्राम सूरजपुरा, पहाड़ीबावन, टपरिया, राजामोटे और ग्राम भुसौर को पर्यटन ग्राम में जोडने का प्रस्ताव भी भेजने, जनपद सीईओ को चंदेलकालीन तालाबों को चिन्हित कर उनके सौन्दर्यीकरण और घाट निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं।

खजुराहो फेस्टिवल में हो स्काई डाईविंग

कलेक्टर ने खजुराहो में पर्यटन गतिविधियों का 1 वर्षीय कलेण्डर बनाने को कहा। खजुराहो फेस्टिवल के समय स्काई डाईविंग, कम बजट वाले पर्यटकों को बढ़ाने के लिए भी नए होमस्टे के प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आरटीओ को निर्देश दिए कि छतरपुर से पन्ना के लिए टूरिस्ट बसें बमीठा से सीधे चली जाती हैं, बस ऑपरेटर से मीटिंग कर ये बसें खजुराहो से गंतव्य के लिए चलाने का वर्कआउट तैयार करे। जिससे खजुराहो में पर्यटन बढ़े।

कई प्रस्ताव अनुमोदन के लिए भेजे

बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई। आर्कषक पर्यटन स्थल में अधोसंरचना विकास, पुरातत्व संपत्तियों के संरक्षण एवं पर्यटन को बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के प्रस्ताव अनुमोदन के लिए भेजे गए। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डीएटीसीसी जीएस पटेल, एसडीएम राजनगर प्रशांत अग्रवाल, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मधु सिंह, जपं सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित संबंधित विभागों के परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

अभिमत

जलवायु बदलाव के दौर में वृक्ष खेती बहुत उपयोगी है। क्योंकि यह कार्बन उत्सर्जन को तो कम करता ही है, खेती में जो अनिश्चितता उसे भी दूर करती है। मिश्रित खेती और विविधता की खेती से मिट्टी-पानी का संरक्षण होता है। इसमें मशीनीकरण की भी जरूरत नहीं है, वह भी जलवायु के लिए अनुकूल है। देसी खेती के साथ परंपरागत ज्ञान भी जुड़ा है, यह पारंपरिक देशज ज्ञान सालों से विकसित हुआ है, जो अब लुप्त हो रहा है। इसे बचाने की बहुत जरूरत महसूस हो रही है।

ओडिशा में जैविक खेती की पहल

नवाचार

■ बाबा मायाराम

आज जब साफ तौर पर रासायनिक खेती के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं तो इसके मद्देनजर देश के कई कोनों में जैविक खेती की ओर किसानों का रूझान बढ़ा है। इसी कड़ी में ओडिशा में भी किसानों में इस बारे में चेतना आई है, और कुछ किसान जैविक खेती की ओर मुड़े हैं। आज इस कॉलम में ओडिशा में जैविक खेती की पहल पर चर्चा करना चाहूंगा, जिससे खेती की नई पहल के बारे में जाना जा सके।

हाल ही में मेरी पश्चिम ओडिशा के कुछ युवा किसानों से मुलाकात हुई, जो जैविक खेती का प्रयोग कर रहे हैं। ये किसान, जय किसान आंदोलन से भी जुड़े हैं। इनमें से एक किसान हारा बनिया हैं। वे बरगढ़ जिले के सरकंडा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया किब वे बचपन से ही खेती करते आ रहे हैं। खेती और पेड़ लगाना, उन्होंने परिजनों से ही सीखा है।

आगे बढ़ने से पहले यहां बताना उचित होगा कि पश्चिम ओडिशा में हीराकुंड बांध की नहरों से धान की खेती होती है। यहां रासायनिक खेती हो रही है, जिससे खेती की लागत भी बढ़ी है, मिट्टी-पानी का प्रदूषण बढ़ा है और लोगों के स्वास्थ्य पर असर हुआ है। बरगढ़ जिले में कैंसर के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है।

किसान कार्यकर्ता हारा बनिया बताते हैं कि उनकी 5 एकड़ जमीन है। उसमें से करीब आधी जमीन पर जैविक खेती करते हैं। खेत में फसल के अलावा, उन्होंने कई प्रजाति के पेड़-पौधे भी लगाए हैं। यानी वे वृक्ष खेती भी करते हैं। बारिश के पानी को संजोने के लिए दो तालाब भी हैं। जिससे भूजल भी रिचार्ज होता है। उनके खेत में बोरवेल भी है।

उनके खेत में दो सौ पेड़ आम के हैं। चालीस पेड़ कटहल और इतने ही नारियल पेड़ लगाए हैं। इसके साथ अमरूद, अंजीर, पपीता, लीची, चीकू, संतरा, केला इत्यादि भी हैं। जैविक सब्जियां भी उगाई हैं। एक दो बार मेरे लिए भी जैविक सब्जियां लेकर आए।

उन्होंने बताया कि पेड़ लगाने की प्रेरणा एक पुरानी कहावत से मिली, जो इस प्रकार है कि 3 माह की फसल धान है, 10 वर्ष की फसल पेड़ है, और जिंदगी भर की फसल शिक्षा है। इसका अर्थ है कि धान की फसल तीन महीने में तैयार हो जाती है, पेड़ दस साल में अपना पूर्ण रूप लेता है, जबकि शिक्षा एक ऐसी फसल है, जिसका लाभ जीवन भर मिलता है।

वे बताते हैं कि खेत में देसी धान भी लगाते हैं, जिसका चावल पूरे साल भर खाने के काम आता है। देसी धान में झुली और सरसों फूल प्रजाति लगाते हैं। बचपन को याद करते हुए उन्होंने बताया कि पहले उनके खेत में मिश्रित खेती होती थी। मूंगफली, मूंग, झुनगा, मडिया इत्यादि लगाते थे। मूंग बोने से खेत में नत्रजन की कमी नहीं होती थी, द्विदली फसलें नत्रजन के लिए अच्छी मानी जाती हैं। मिट्टी की उर्वरता बनी रहती थी।

हर घर में पशुपालन होता था। खेती के साथ पशुपालन होता जुड़ा था, जिससे खेतों के लिए गोबर खाद मिंल जाती थी, और पशुओं के लिए फसलों के ठंडल या भूसा चरने के लिए हो जाता था। बैल खेतों की जुताई करते थे। उनके घर भी गाय-बैल थे।

इसी परंपरा को जारी रखते हुए वे खेत की तैयारी के लिए गोबर खाद, नीम की खली का इस्तेमाल करते हैं। नीम, एक कीटनाशक के रूप में भी बहुत उपयोगी है।

किसान कार्यकर्ता किशोर भाई हैं, वे भी उनके घर के लिए जैविक धान की खेती करते हैं, जिससे साल भर जैविक भोजन मिलता है। इसके अलावा, उन्होंने जय किसान आंदोलन के कार्यालय समता भवन में कई तरह की हरी पत्तीदार सब्जियां लगाई हैं। जैसे कोलियारी, मुनगा (सहजन), करेला, मूली, बैंगन, कुंदरू इत्यादि।

इसके अलावा, समता भवन में कई फलदार पेड़ भी हैं। जामुन, नींबू, अमरूद, सीताफल, केला, पपीता इत्यादि हैं। इन पेड़ों में कई रंग-बिरंगी चिड़ियाएं आती हैं, घोंसला बनाती हैं, और गीत गाती है।

जय किसान आंदोलन के संयोजक लिंगराज बताते हैं कि जैविक खेती के बारे में किसानों में चेतना आई है। वे रासायनिक खेती के दुष्परिणामों को भी समझते हैं। बढ़ती बीमारियां, मिट्टी का उपजाऊपन कम होना, और बढ़ते कर्ज से किसान परेशान हैं।

लिंगराज भाई बताते हैं कि जैविक खेती के लिए उनका संगठन सदैव ही प्रयासरत रहा है। वर्ष 2012 में जीरो बजट खेती के प्रणेता सुभाष पालेकर के शिविरों का आयोजन भी करवाया था। इसके बाद कुछ किसान जैविक खेती की ओर मुड़े हैं।

बरगढ़ शहर में जैविक हरी ताजी सब्जियों का सप्ताह में दो दिन रविवार और बुधवार को बाजार लगता है, जिसमें से 4-5 किसान, सुभाष पालेकर के प्रशिक्षण शिविर से प्रशिक्षित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी हमें अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। उनका मानना है कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकारी नीतियों में भी बदलाव की जरूरत है। इसका एक उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि ओडिशा मिलेट मिशन सरकारी योजना है। इस कारण मिलेट्स का उत्पादन बढ़ा है और विपणन में अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है। यानी जैविक खेती को सरकारी प्रोत्साहन जरूरी है।

हालांकि उनका संगठन हमेशा ही जैविक खेती की पैरवी करता है। और इससे प्रभावित होकर कुछ जैविक खेती करने लगे हैं। इस दिशा में और भी प्रयास जारी हैं।

इस तरह की पहल ने किसानों को जैविक खेती की ओर मोड़ा है। उन्हें जैव खाद व जैव कीटनाशक बनाने का प्रशिक्षण देते रहते है। इससे मिट्टी-पानी का संरक्षण भी हो रहा है और खेती में लागत खर्च कम हो रहा है। और लोगों को जैविक उत्पाद व जैविक भोजन उपलब्ध हो रहा है। किसान आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

इसके अलावा, जैविक खेती का विस्तार किचिन गार्डन (सब्जी बाड़ी) तक हुआ है। इस काम में कुछ चुनौतियां भी सामने आई हैं, जैसे जैविक उत्पादों का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। जिस दाम पर रासायनिक कृषि उत्पाद बिकते हैं, उसी दाम पर जैविक कृषि उत्पाद बिकते हैं।

जलवायु बदलाव के दौर में वृक्ष खेती बहुत उपयोगी है। क्योंकि यह कार्बन उत्सर्जन को तो कम करता ही है, खेती में जो अनिश्चितता उसे भी दूर करती है। मिश्रित खेती और विविधता की खेती से मिट्टी-पानी का संरक्षण होता है। इसमें मशीनीकरण की भी जरूरत नहीं है, वह भी जलवायु के लिए अनुकूल है। देसी खेती के साथ परंपरागत ज्ञान भी जुड़ा है, यह पारंपरिक देशज ज्ञान सालों से विकसित हुआ है, जो अब लुप्त हो रहा है। इसे बचाने की बहुत जरूरत महसूस हो रही है।

कुल मिलाकर, ओडिशा की जैविक खेती, वृक्ष खेती और किचिन गार्डन की पहल भले ही छोटी है, पर सराहनीय, प्रेरणादायी व अनुकरणीय है। इससे जैविक भोजन तो मिलता ही है, साथ ही जैव विविधता, परंपरागत ज्ञान, और पर्यावरण का भी संरक्षण होता है। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

हर घर में पशुपालन होता था। खेती के साथ पशुपालन होता जुड़ा था, जिससे खेतों के लिए गोबर खाद मिंल जाती थी, और पशुओं के लिए फसलों के ठंडल या भूसा चरने के लिए हो जाता था। बैल खेतों की जुताई करते थे। उनके घर भी गाय-बैल थे। इसी परंपरा को जारी रखते हुए वे खेत की तैयारी के लिए गोबर खाद, नीम की खली का इस्तेमाल करते हैं। नीम, एक कीटनाशक के रूप में भी बहुत उपयोगी है।

बीता सप्ताह

13 सितम्बर

- नेपाल में सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की अंतरिम सरकार की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी।
- देश के 15वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद की ली शपथ।
- भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी परमिता त्रिपाठी कुवैत में भारत की राजदूत नियुक्त हुई।
- पेइचिंग में 2025 विश्व पर्यटन सहयोग व विकास सम्मेलन आयोजित हुआ।

14 सितम्बर

- नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पहली मंत्रीमंडल की बैठक में संसद को भंग करने की सिफारिश की तथा आगामी संसदीय चुनाव के लिए 5 मार्च 2026 तय कर दी।
- हिंसा के 2 साल बाद मणिपुर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मणिपुर मां भारती के मुकुट पर सजा रत्न है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि हैजा की चपेट में इस साल विश्व के 31 देश है जहां प्रकोप लगातार बढ़ रहा।
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उत्त अटलांटिक संधि संगठन रूस से कच्चे तेल न खरीदें अन्यथा 50 से 100 फीसदी आयात शुल्क लगाया जाएगा।

15 सितम्बर

- देशभर में हुए भारी विरोध के बीच भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान को भारत ने 7 विकेट से हराया।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 1985 बैच के आईएएस व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अमित खरे (सेवानिवृत्त) को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण का सचिव नियुक्त किया।
- नेपाल में पदभार संभालते ही प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने किया एलान कि प्रदर्शन में जान गंवाने वालों को दिया जाएगा शहीद का दर्जा।
- विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में मीनाक्षी हुड्डा ने जीता गोल्ड।

16 सितम्बर

- वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई जा सकती। कुछ धाराओं पर संरक्षण जरूरी है।
- वक्फ कानून संशोधन 2025 पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।
- कोर्ट ने फैसला दिया कि वक्फ करने के लिए 5 साल की इस्लाम प्रैक्टिस करने की अनिवार्यता पर रोक लगाई गई।
- वक्फ के नियमों में 3 से अधिक गैर मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं होंगे।

17 सितम्बर

- देहरादून में बादल फटने से 13 लोगों की मौत हो गई।
- सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को 31 जनवरी तक निकाय चुनाव कराने के आदेश रिए।
- भारत एशिया प्रशांत क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अपनाने में भारतीय सबसे आगे।
- सबसे लंबा जाने के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है जापान के लोग।

18 सितम्बर

- छत्तीसगढ़ में राजिम रायपुर राजिम नई मेमू ट्रेन आज से शुरू हुई।
- पीएम मोदी को 17 सितम्बर को उनके जनम दिन पर वैश्विक नेताओं और राजदूतों ने दी बधाई।
- भारत के चुनाव आयोग ने बताया कि नियमों में संशोधन करते हुए अब ईव्हीएम में दिखेगी प्रत्याशी की रंगीन फोटो।
- कर्नाटक में स्टेट बैंक से 20 करोड़ नगदी और सोना लूटा गया।

19 सितम्बर

- राहुल गांधी ने प्रेस कांन्फ्रेंस में कहा कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को बचा रहे हैं।
- भगोड़े ललित मोदी के भाई समीर मोदी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।
- कोरिया ने अमरीकी वीजा प्रणाली को समझने के लिए टास्क फोर्स का किया गठन।
- छग में सुकमा में मुठभेड़ में 5 लाख की इनामी महिला नक्सली बुस्की नुप्पो ढेर।

चुनाव आयोग प्रमुख अभियुक्त और निर्णायक दोनों की भूमिका कैसे निभाएंगे

■ सुशील कुट्टी

केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के विस्तार से पहले, भारत के चुनाव आयोग ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए नए आरोप को 'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया। चुनाव आयोग ने अपनी बात रखते हुए कहा, 'राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। कोई भी जनता किसी भी वोटर के नाम को ऑनलाइन नहीं हटा सकता।'

क्या संवैधानिक निकायों के पास किसी के द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों को खारिज करने का अधिकार और विकल्प है? भारत के चुनाव आयोग (ईसी) ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ राहुल गांधी के आरोपों को 'गलत और निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया था कि वह चुनावी राज्यों की मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने में शामिल लोगों को बचा रहे हैं, जिसे व्यापक रूप से 'वोट चोरी' कहा जाता है।

> **गांधी ने `वोट चोरी' के खुलासे के लिए `परमाणु बम' और `हाइड्रोजन बम' की बात की। अब, क्या राहुल गांधी अपने वोट चोरी के आरोपों को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे? ज़ाहिर है, राहुल की टीम को चुनाव आयोग के `अंदर से' मदद मिल रही है। गुरुवार को फिर राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार करते हुए वोट चोरी के आरोपों को और आगे बढ़ा दिया।**

विपक्ष के नेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस और रैलियों सहित कई मंचों से 'वोट चोरी' के आरोप लगाए। दरअसल, 'वोट चोरी' अब पूरे भारत में फैल गई है, जबकि चुनाव आयोग अन्य राज्यों में अपने विशेष सघन अभियान (एसआईआर) को लागू करने की तैयारी कर रहा है। चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु भी इस सूची में हैं। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में भी तैयारियां चल रही हैं।

राहुल गांधी मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ अपने आरोपों को बार-बार दोहरा रहे हैं और चुनाव आयोग ने उन्हें कुछ दिनों के भीतर अपने आरोप वापस लेने और माफी मांगने का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन न तो कोई बयान वापस लिया गया और न ही कोई माफी मांगी गई। चुनाव आयोग ने भी कोई कार्रवाई नहीं की, जब तक कि इस खंडन में यह नहीं कहा गया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सभी आरोपों से निर्दोष हैं। आरोप, सोचिए!

चुनाव आयोग ने कहा कि यह तर्क कि किसी भी व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन किसी भी वोटर के नाम को हटाया जा सकता है, 'गलत' है। उसने आगे कहा कि 'किसी भी मतदाता को उचित प्रक्रिया के बिना मतदाता सूची से नहीं हटाया जा सकता और प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई भी वोट नहीं हटाया जा सकता', यह बात यूं ही नहीं मानी जा सकती क्योंकि देश 'सुनवाई' के लिए तरस रहे 'प्रभावित व्यक्तियों' से भरा पड़ा है, जिनमें हज़ारों ऐसे लोग भी शामिल हैं जो बहुत पहले मर चुके हैं।

कर्नाटक के अलंद निर्वाचन क्षेत्र के सम्बंध में गांधी के आरोप पर, चुनाव आयोग ने स्वीकार किया कि 2023 में अवैध रूप से मतदाताओं को हटाने के प्रयास किए गए थे, लेकिन यह कहकर पर्दा डाल दिया कि ये प्रयास असफल रहे और चुनाव आयोग ने जांच के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की। उसने अलंद में चुनावों को क्लीन-चिट दे दी और कहा कि यह एक 'निष्पक्ष परिणाम' था; और भाजपा के सुभाधगुट्टेदार हर लिहाज से विजेता थे।

लेकिन चुनाव आयोग के किसी भी स्पष्टीकरण से गांधी संतुष्ट नहीं हुए, जिन्होंने ज्ञानेश कुमार पर 'वोट चोरों' को बचाने और उन्हें पनाह देने का आरोप लगाया था, और कहा था कि 'भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने' वाले लोगों का पर्दाफाश किया जाना चाहिए और उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सच तो यह है कि विपक्षी नेता अपने ठिकानों का पता लगाने की हद तक चले गए थे, भले ही वे सेवानिवृत्त हो चुके हों और उन्हें सज़ा भी मिल चुकी हो।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि स्वचालित सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके व्यवस्थित तरीके से मतदाताओं के नाम हटाए गए। उन्होंने कर्नाटक के अलंद और महाराष्ट्र के राजुरा निर्वाचन क्षेत्रों का हवाला दिया। गांधी ने दावा किया कि कर्नाटक सीआईडी ने पिछले 18 महीनों में चुनाव आयोग को 18 बार पत्र लिखे, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 'चुनाव आयोग जानता है कि यह कौन कर रहा है। उन्होंने कहा, 'वे लोकतंत्र के हत्यारों का बचाव कर रहे हैं।'

गांधी ने 'वोट चोरी' के खुलासे के लिए 'परमाणु बम' और 'हाइड्रोजन बम' की बात की। अब, क्या राहुल गांधी अपने वोट चोरी के आरोपों को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे? ज़ाहिर है, राहुल की टीम को चुनाव आयोग के 'अंदर से' मदद मिल रही है। गुरुवार को फिर राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार करते हुए वोट चोरी के आरोपों को और आगे बढ़ा दिया।

इस बार गांधी ने दावा किया है कि वोट अभी भी व्यवस्थित तरीके से हटाए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता ने ज्ञानेश कुमार से वोट हटाने के आरोपों के बारे में कर्नाटक की सीआईडी को जवाब देने और मुख्य चुनाव आयुक्त को जवाब देने के लिए एक हफ़्ते का समय देने को कहा।

'हम आपके सामने अपराध पेश कर रहे हैं। हमारा काम आपके सामने सच्चाई पेश करना है। चुनाव आयोग और न्यायिक व्यवस्था के अलावा अन्य संस्थाओं को इस पर गौर करने की ज़रूरत है।' हमने निर्णायक रूप से साबित कर दिया है कि एक ही राजनीतिक बल मतदाताओं को हटा और जोड़ रहा है,' राहुल ने कहा।

यह सब कहां जा रहा है? चुनाव आयोग-राहुल गांधी का मामला जल्द खत्म होने वाला नहीं है। राहुल गांधी इस लड़ाई को कहां तक ले जाएंगे, यह कोई आसान बात नहीं है। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम बिहार के अलावा अन्य राज्यों में भी शुरू हो गया है। राहुल गांधी का यह दावा कि 'एक ही बल' विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में हेराफेरी कर रहा है, विपक्ष के नेता के इन आरोपों को एक और कल्पना मात्र नहीं माना जा सकता। गेंद अभी भी मुख्य चुनाव आयुक्त के पाले में है।

तमिलनाडु ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य में एसआईआर लागू करने की तैयारी चल रही है और तमिलनाडु एक विपक्षी शासित राज्य है जहां कांग्रेस सत्तारूढ़ सहयोगी है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन हाल ही में बिहार में थे जहां उन्होंने वोट चोरी का ज़िक्र किया।

दोहा पर किया हमला बढ़ायेगा इज़रायल की मुसीबतें

जैसे-जैसे इज़रायल गज़ा के ख़िलाफ़ अपने जमीनी हमलों को तेज कर रहा है, संकेत हैं कि नेतन्याहू सरकार को 9 सितंबर, 2025 को दोहा में हमास कार्यालय पर हमला करना भारी पड़ रहा है। यूनाइटेड किंगडम (यूके) के स्वास्थ्य सचिव वेस स्ट्रीटिंग ने 9 सितंबर को चेतावनी दी कि 'गज़ा युद्ध से निपटने के लिए नेतन्याहू सरकार इज़रायल को अछूत बनाने की स्थिति में ले जा रहा है।'

यह बयान ब्रिटिश यहूदी समुदाय के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए इज़रायल के राष्ट्रपति हर्ज़ोग की ब्रिटेन यात्रा की पूर्व संध्या पर था। हर्ज़ोग के कार्यालय ने आरोप लगाया था कि 'ब्रिटिश यहूदी समुदाय गंभीर हमले और यहूदी विरोधी भावना की लहर का सामना कर रहा है।' हालांकि स्ट्रीटिंग ने जोर देकर कहा कि हर्ज़ोग को 'इज़राइल की सरकार पर लगाए जा रहे युद्ध अपराधों, जातीय सफाए और नरसंहार के आरोपों का जवाब देने की जरूरत है।'

एक इज़रायली वामपंथी पत्रिका '972 पत्रिका' ने दिसंबर 2014 में एक सर्वेक्षण में कहा कि 70 प्रतिशत से अधिक इज़रायली अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बारे में चिंतित थे। हाल ही में पत्रिका 'विदेश नीति' ने कहा था कि विदेशी व्यापार और निवेश पर बहुत अधिक निर्भर रहने वाला इज़रायल हमेशा पश्चिमी लोकतंत्रों का हिस्सा बनना चाहता है क्योंकि ईरान और रूस के विपरीत उसके पास 'प्रतिबंधों और वैश्विक अस्वीकृति के साथ आर्थिक, सैन्य और मनोवैज्ञानिक रूप से सामना करने' के लिए कम लचीलापन है।



वाप्पला बालाचंद्रन

> **यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी व्यक्तिगत अपमान था क्योंकि उन्होंने इस साल मई में 1200 अरब डॉलर मूल्य के अमेरिका-कतर आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर करते समय इस समझौते को 'ऐतिहासिक' बताया था। नतीजा यह हुआ कि अमेरिका हमले की निंदा करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अन्य सदस्यों के साथ शामिल हो गया। यह एक अभूतपूर्व कदम था क्योंकि अमेरिका हमेशा इज़रायल विरोधी प्रस्तावों को वीटो करता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी ने आरोप लगाया कि इज़रायली सरकार का नेतृत्व 'क्रूर चरमपंथियों द्वारा किया जा रहा है।'**

गौरतलब है कि 8 सितंबर को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने 10, डाउनिंग स्ट्रीट पर फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास की मेजबानी की थी। बताया जाता है कि 'यदि इज़रायल अपना रास्ता नहीं बदलता तो प्रधानमंत्री ने इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र महासभा से पहले फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने का वादा किया है'। स्पेन, आयरलैंड और नॉर्वे पहले ही मान्यता की घोषणा कर चुके हैं जबकि फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने में 140 से अधिक अन्य देशों सहित बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, पुर्तगाल, कनाडा तथा माल्टा ने ब्रिटेन और फ्रांस का साथ देने की योजना बनाई है।

'लॉस एंजिल्स टाइम्स' ने 11 सितंबर के अंक में लिखा है खाड़ी राज्यों में अमेरिकी विश्वसनीयता पहली बार आहत हुई जब इजरायल ने 9 तारीख को दोहा में हमास के कार्यालय पर हमला किया। इन राज्यों ने सोचा था कि उनकी सुरक्षा' उनके अरबों पेट्रोडॉलर और समझौतों के साथ सुनिश्चित की गई थी जिसने अमेरिका को अपनी कुछ सबसे बड़ी सैन्य सुविधाओं के साथ मध्य पूर्व में घेराबंदी करने की अनुमति दी'। यह विशेष रूप से अविश्वसनीय था कि अपने अस्तित्व के लिए मुख्य रूप से अमेरिका पर निर्भर रहने वाला इज़रायल, इस क्षेत्र में सबसे बड़े अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठान अल उदीद एयर बेस की मेजबानी करने वाले कतर पर हमला कर सकता है।

यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी व्यक्तिगत अपमान था क्योंकि उन्होंने इस साल मई में 1200 अरब डॉलर मूल्य के अमेरिका-कतर आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर करते समय इस समझौते को 'ऐतिहासिक' बताया था। नतीजा यह हुआ कि अमेरिका हमले की निंदा करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अन्य सदस्यों के साथ शामिल हो गया। यह एक अभूतपूर्व कदम था क्योंकि अमेरिका हमेशा इज़रायल विरोधी प्रस्तावों को वीटो करता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी ने आरोप लगाया कि इज़रायली सरकार का नेतृत्व 'क्रूर चरमपंथियों द्वारा किया जा रहा है।'

ट्रम्प ने व्यक्तिगत रूप से यह कहकर अपनी नाराजगी जाहिर की कि इस हमले ने 'इज़रायल या अमेरिका के लक्ष्यों को आगे नहीं बढ़ाया' क्योंकि अमेरिका की मर्जी के मुताबिक ही कतर 2012 से इज़रायल के साथ 'अप्रत्यक्ष वार्ता' के लिए हमास नेताओं की मेजबानी कर रहा था। इसके अलावा सितंबर, 2020 में ट्रम्प द्वारा इज़रायल-अरब राज्यों के संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में शुरू किया गया 'अब्राहम समझौता' टूट गया क्योंकि समझौते पर हस्ताक्षरकर्ताओं में से एक महत्वपूर्ण देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 'कतर को लक्षित करने वाले स्पष्ट और कायरतापूर्ण इज़रायली हमले' की निंदा की।

अबू धाबी ने इज़रायल के राजदूत को यह बताने के लिए बुलाया कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देश के खिलाफ किसी भी आक्रामकता को 'सामूहिक खाड़ी सुरक्षा ढांचे पर हमला' माना जाता है। कतर पर हुआ यह हमला खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्य देशों में से किसी देश पर इज़रायल का पहला सीधा हमला था। इससे पहले भी वेस्ट बैंक के विलय पर नियोजित चर्चा पर नेतन्याहू सरकार की खुली धमकी के बाद अबू धाबी और इज़रायल के बीच संबंध बिगड़ने लगे थे जिसके बारे में यूएई ने कहा था कि इससे 'खतरे की रेखा' बनेगी।

'पोलिटिको' ने 9 सितंबर को बताया कि ट्रम्प और उनके शीर्ष सहयोगी यह सवाल कर रहे थे कि हमले को अधिकृत करने वाले नेतन्याहू क्या बातचीत में तोड़फोड़ करने की कोशिश कर रहे थे। उसने व्हाइट हाउस के एक अंदरूनी सूत्र के हवाले से कहा- 'हर बार जब वार्ता में प्रगति होती दिखाई देती है तो ऐसा लगता है कि वे किसी पर बम फेंक देते हैं। उस सूत्र ने कहा कि यही कारण है कि राष्ट्रपति और उनके सहयोगी नेतन्याहू से इतने निराश हैं।'

इज़रायली अखबार 'हारेत्ज़' ने 13 सितंबर को बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दोहा में हमास नेताओं पर इज़रायल के हमले के कुछ दिनों बाद न्यूयॉर्क में कतर के प्रधानमंत्री के साथ रात्रि भोज किया। उनके साथ अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ भी शामिल हुए।

नेतन्याहू ने आरोप लगाया था कि कतर हमास के आतंकवादियों को पनाह देने के अलावा उन्हें धन प्रदान करने वाला मुख्य देश भी है। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों ने इस आरोप से इंकार किया। उन्होंने 2023 में 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' में अमेरिका में कतर के राजदूत शेख मेशाल बिन हमद अल थानी के लेख का हवाला दिया कि वाशिंगटन चाहता था कि कतर 'हमास के साथ संचार की अप्रत्यक्ष लाइनें स्थापित करे'।

अल थानी ने कहा था 'हमास कार्यालय की उपस्थिति को समर्थन के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए बल्कि अप्रत्यक्ष संचार के लिए एक महत्वपूर्ण चैनल स्थापित करना चाहिए।' न्यूयॉर्क टाइम्स ने 10 दिसंबर, 2023 को पुष्टि की कि बेंजामिन नेतन्याहू ने गुप्त रूप से दोहा के माध्यम से इस संपर्क को मंजूरी दी थी।

9/11 की बरसी पर एक वीडियो संबोधन में बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहा में 'आतंकवादियों' के अड्डे पर हमला करने के लिए इज़रायल के अधिकार होने की बात कही थी। उनका तर्क था कि यह ठीक वैसा ही है जिस तरह 9/11 को हमला करने के लिए आतंकवादियों को भेजने के कारण अमेरिका ने अफगानिस्तान पर 7 अक्टूबर, 2001 को हमला किया था। इस तर्क ने किसी को प्रभावित नहीं किया क्योंकि अमेरिका ने पहले यूएनएससी में प्रस्ताव संख्या 1368 पारित किया था जिसमें 11 सितंबर 2001 को हुए भयानक आतंकवादी हमलों की निंदा की गई थी तथा सभी देशों से इन आतंकवादी हमलों के अपराधियों, आयोजकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए तत्काल एक साथ काम करने का आह्वान किया गया था। अमेरिका ने इसे संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी के रूप में लिया था और ओसामा बिन लादेन को शरण देने वाले अफगानिस्तान पर हमला किया था।

इसके विपरीत इज़रायल, महिलाओं और बच्चों सहित गज़ा के नागरिकों को मानवीय सहायता प्रदान करने वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों पर लगातार हमला और उनकी हत्या करता रहा है। अमेरिकी डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस वान हॉलेन और जेफ मर्कले ने 24 अगस्त से 1 सितंबर के दौरान अपनी यात्रा में इसकी पुष्टि की कि इज़रायल स्थानीय आबादी का 'जातीय सफाया' कर रहा है एवं भूख को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर उन्हें भोजन से वंचित कर रहा है।

ट्रम्प ने 12 सितंबर को भविष्यवाणी की कि जोहरान ममदानी 4 नवंबर को होने वाले न्यूयॉर्क शहर के मेयर का चुनाव जीतेंगे। अगले दिन ममदानी ने मीडिया से कहा कि वे नेतन्याहू के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के गिरफ्तारी वारंट का सम्मान करेंगे और अगर यदि नेतन्याहू न्यूयॉर्क आते हैं तो वे उन्हें हिरासत में लेंगे।

(लेखक कैबिनेट सचिवालय के पूर्व विशेष सचिव हैं।
सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)

चमोली में बादल फटने से कोहराम

3 गांव पूरे तबाह, 10 लापता, कई दबे

आफत तब टूटी जब लोग गहरी नींद में थे, कई मवेशी भी बहे

चमोली/देहरादून, एजेंसी। बादल फटने की घटनाएं बीते वर्षों की तुलना में इस बार ज्यादा हो रही हैं। अब उत्तराखंड के चमोली जिले में बुधवार की देर रात बादल फटने और मूसलाधार बारिश के कारण भयंकर तबाही मच गई। नंदानगर तहसील के अंतर्गत आने वाले तीन गांव कुंतरी लगाफाली, सरपाणी और धुर्मा सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

इन गांवों में अचानक आई बाढ़ और मलबे के कारण कई मकान ढह गए और खेत-खलिहान तबाह हो गए हैं। हादसे में अब तक 10 लोगों के लापता होने की पुष्टि हुई है। रपोर्ट के अनुसार, कुंतरी लगाफाली गांव में भारी मलबा आने से छह घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं और यहां आठ लोग लापता हैं। वहीं, धुर्मा गांव में भी बादल फटने की सूचना मिली है, जहां पांच मकान बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। सरपाणी गांव में भी भारी नुकसान की खबर है। इसके साथ ही कई मवेशियों के बह जाने की भी आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें तत्काल राहत और बचाव कार्य में जुट गईं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हादसा रात के समय हुआ, जब ज्यादातर लोग गहरी नींद में थे। मलबा इतनी तेजी से आया कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। कुछ परिवारों के लोग अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश मलबे में की जा रही है। प्रशासन ने बताया कि नुकसान का पूरा आकलन अभी नहीं हो सका है। प्राथमिकता मलबे में दबे लोगों को निकालने और प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की है।

भाजपा विधायक की बस ने मोटरसाइकिल सवारों को रौंदा

माता-पिता और बेटों सहित 4 की मौत

इंदौर, देशबन्धु। इंदौर -उज्जैन रोड पर एक तेज रफ्तार बस ने बुधवार देर रात मोटरसाइकिल सवार दंपती को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि दूसरे बच्चे की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर और हेल्पर मौके से फरार हो गए। हादसे के बाद वहां मौजूद लोग आक्रोशित हो गए और बस के कांच फोड़ दिए साथ ही आग लगाने की कोशिश भी की। मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मारने वाली बस विधायक गोलू शुक्ला की है। बस के पीछे भी गोलू लिखा है।

बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम सिंह गुर्जर के मुताबिक घटना बुधवार देर रात धरमपुरी के समीप रिंगनोदिया गांव की है। बस नंबर एमपी09 एफए 6390 ने मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी09 वीएफ 3495 को टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर जा रहे महेंद्र सोलंकी, जयश्री सोलंकी और 15 वर्षीय जिगर सोलंकी की मौके पर ही मौत हो गई। 10 साल का तेजस सोलंकी गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी आज सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि ड्राइवर मोबाइल पर बात करते हुए तेज रफ्तार से बस चला रहा था। यात्रियों ने ड्राइवर को स्पीड कम करने के लिए टोका भी था, लेकिन उसने स्पीड कम नहीं की। हादसे के बाद सभी को अरविंदो अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने महेन्द्र सोलंकी और जयश्री सोलंकी और 15 वर्षीय जिगर को मृत घोषित कर दिया। जबकि तेजस को आईसीयू में भर्ती किया कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

इंदौर में तीन इमली इलाके में रहने वाले महेंद्र सोलंकी चाय की दुकान थी। वे बुधवार को परिवार के साथ साईं विहार कॉलोनी में रहने वाले बड़े भाई बाबू सिंह सोलंकी से मिलने गए थे। उनसे मिलने के बाद जब महेंद्र और अपने परिवार के साथ घर के लिए निकले तो बाबूसिंह ने तेज बारिश का हवाला देते हुए उन्हें रोकने की कोशिश की थी, लेकिन सुबह जिगर की परीक्षा होने की बात कहकर वे अपने घर के लिए चल दिए थे, इसी बीच रास्ते में ये हादसा हो गया।

मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती चिकित्सालय में स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

सेवा पर्व को सार्थक बनाने सामाजिक संस्थाएँ आगे आएं

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत गुरूवार को रानी दुर्गावती चिकित्सालय जबलपुर में साफ-सफाई के लिए झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिकित्सालय के स्टाफ एवं शासकीय कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे कार्यालयीन समय के पूर्व रोस्टरवार स्वच्छता के लिए श्रमदान करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं में सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों से अपील की कि वे सेवा पर्व के दौरान स्वच्छता के लिये श्रमदान करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संभागीय कमिश्नर एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सफाई अभियान का नियमित निरीक्षण और निगरानी करने के निर्देश दिये। साथ ही मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण से भी अनुरोध किया कि वे साफ-सफाई अभियान का निरीक्षण कर आमजन और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी श्रमदान के लिये प्रोत्साहित करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा पर्व को नया आयाम देते हुए अस्पतालों में सफाई व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय हैकि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर की अवधि में प्रदेश में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान चल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर शिविर भी लगाए जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच के साथ ही आमजन को स्वास्थ्य, शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री अशोक रोहाणी, श्री संतोष बरकड़े, श्री अभिलाष पांडे, श्री नीरज सिंह, संभागीय कमिश्नर श्री धनंजय सिंह सहित गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी भी स्वच्छता श्रमदान में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने की फिल्म चलो जीते हैं की मुक्त कंठ से सराहना, कहा-

प्रधानमंत्री मोदी के बाल्यकाल की परिस्थितियों पर एक आदर्श फिल्म

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाल्यकाल की परिस्थितियों पर एक आदर्श फिल्म है, जो अतीत से वर्तमान में लाकर छोड़ती है। आधे घंटे की अवधि में फिल्म कथा सार को समेटना एक अद्भुत प्रयोग है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को सिनेपोलिस बंसल प्लाजा, भोपाल में चलो जीते हैं फिल्म का शो देखने के बाद मीडिया से चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुक्त कंठ ने फिल्म की सराहना की। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस तथा बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

24 सितंबर तक पूरे प्रदेश में फिल्म का प्रदर्शन होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की जन्म वर्षगांठ के अवसर पर 18 से 24 सितंबर तक पूरे प्रदेश में फिल्म चलो जीते हैं का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के बाल्यकाल और जीवन पर केंद्रित फिल्म के सेवा पखवाड़े के अंतर्गत संगठन द्वारा प्रदेश भर में प्रदर्शन की पहल सराहनीय है।

उल्लेखनीय है कि चलो जीते हैं वर्ष 2018 में बनी एक शॉर्ट फिल्म है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन से प्रेरित है। यह फिल्म बॉलीवुड स्टार्स वाली कमर्शियल मूवी नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक लघु फिल्म है। फिल्म के निर्देशक श्री महावीर जैन, निर्माता भूषण कुमार, महावीर जैन हैं। फिल्म की कहानी एक छोटे बालक की है जो अपने जीवन में दूसरों की सेवा और देशभक्ति को सबसे बड़ा धर्म मानता है। फिल्म में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन से जुड़े आदर्श और संस्कारों को दर्शाया गया है।

भोपाल गैस त्रासदी : उच्च न्यायालय ने लंबित मामलों पर जताई नाराजगी, मांगी रिपोर्ट

भोपाल, देशबन्धु। जबलपुर उच्च न्यायालय ने भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल से लंबित मामलों को लेकर नाराजगी जताई है। उच्च न्यायालय ने भोपाल निचली अदालतों को निर्देशित किया है कि लंबित अपीलों पर तेजी से सुनवाई कर हर महीने की प्रगति रिपोर्ट उच्च न्यायालय के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार को भेजी जाए।

भोपाल में हुई भीषण गैस त्रासदी के 40 साल गुजर जाने के बाद भी, इससे जुड़े अपराधिक मामलों का अब तक निराकरण नहीं हो पाया है। इसमें अब भी देरी हो रही है। इसपर उच्च न्यायालय ने निर्देश दिए हैं कि इन मामलों को प्राथमिकता से सुना जाए। साथ ही निचली अदालतों को हर महीने की प्रगति रिपोर्ट उच्च न्यायालय के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार को भेजें। इसे मुख्य न्यायाधीश के सामने पेश किया जाएगा।

गैस त्रासदी मामले में याचिका लगाने वाले वकील राजेश चंद ने चौंकाने वाली जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 जून 2010 के दिन भोपाल की मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने कई आरोपियों को सजा भी सुनाई गई थी। आरोपियों ने इस फैसले के खिलाफ भोपाल जिला न्यायालय में अपील दायर की थी। इसकी सुनवाई पिछले 15 साल से लंबित है। इस मामले में सजा पाने वाले कई लोगों का निधन हो चुका है।

मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के फैसले के खिलाफ जिला न्यायालय में चल रही सुनवाई में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। अक्टूबर, 2023 से कई आरोपी जिला अदालत में पेश हो रहे हैं, लेकिन अब तक इनके खिलाफ आरोप पत्र तक दाखिल नहीं हुए हैं।

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक पटना में, चुनाव से पहले पार्टी के दिग्गजों का जमावड़ा 24 को

■ राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बैठक को लेकर एक पत्र किया जारी

पटना, एजेंसी। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा से उत्साहित कांग्रेस पार्टी ने अखिल भारतीय कांग्रेस वर्किंग समिति की बैठक पटना में 24 सितंबर को आयोजित करने का फैसला लिया है, जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

जाहिर है कि बिहार में चुनाव का मौसम आने वाला है और चुनाव अधिसूचना से पहले ही पार्टी ने अपने तमाम दिग्गज नेताओं को बिहार बुलाने की तैयारी की है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बैठक को लेकर एक पत्र जारी कर सूचित किया कि कांग्रेस वर्किंग समिति की बैठक पटना में 24 सितंबर को होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व आयोजित यह विस्तारित बैठक होने वाली है इसलिए इसमें पार्टी के सभी राज्यों के प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष , विधान मंडल दल के नेता, सभी कांग्रेस चुनाव समिति के सदस्य, राज्यों के प्रभारी, विशेष आमंत्रित सदस्य और कार्यालय सदस्य भी शामिल होंगे।

बिहार कांग्रेस समिति मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि बैठक में शामिल होने के लिए कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी पटना पहुंचेंगे।

श्री राठौड़ ने बताया कि राजनीति में हर कदम चुनाव से जुड़ा होता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले होने वाली इस बैठक से कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढेगा।

मीटिंग में दो सौ लोगों के शामिल होने की संभावना है। लेकिन कांग्रेस प्रवक्ता ने इसे शक्ति प्रदर्शन मानने से इन्कार किया। गौरतलब है कि महागठबंधन में अबतक सीटों का बंटवारा अभी तय नहीं हो सका है। उससे पहले कांग्रेस पार्टी ने कुछ प्रमुख सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगाने की कवायद शुरु कर दी है। कांग्रेस इस कार्यसमिति की बैठक के जरिए महागठबंधन को अपनी ताकत का भी एहसास कराने की कोशिश कर रही है।

हाथियों ने 10 एकड़ में लगी खड़ी सफल को रौंदा

शहडोल, देशबन्धु। बाणसागर क्षेत्र के झिरिया वार्ड नंबर 5 में जंगली हाथियों ने खेतों में लगी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। बुधवार सुबह दो हाथियों ने इस क्षेत्र में प्रवेश कर फसलों को चौपट कर दिया। वन विभाग की तीन टीमें हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार हाथियों ने अब तक 10 एकड़ से अधिक खेतों में लगी फसलों को बर्बाद किया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आधा दर्जन से अधिक घरों को भी तोड़कर नुकसान पहुंचाया है, जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाणसागर क्षेत्र के शहरगढ़ में पिछले एक साल से लगभग दो दर्जन हाथी मौजूद हैं। इनमें से तीन हाथी विशेष रूप से उत्पाती माने जाते हैं और पिछले कुछ दिनों से दो हाथी लगातार नगर परिषद क्षेत्र में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। डिप्टी रेंजर शेषमणि शर्मा ने जानकारी दी कि हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तीन टीमें लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में, दो हाथी शहडोल-रीवा मार्ग पर भी आ गए थे, जिसके कारण वन विभाग को कुछ समय के लिए मार्ग बंद करवाना पड़ा था। बुधवार सुबह झिरिया में हाथियों को खेतों से भगाने के लिए ग्रामीण और वन विभाग की टीम मिलकर प्रयास करती दिखी। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हाथियों को खदेड़ने की कोशिश की जा रही है।

वन विभाग कर रहा निगरानी

वनरक्षक साढ़े 3 लाख की रिश्वत लेते पकड़ाया

जबलपुर, देशबन्धु। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर की टीम ने बालाघाट के लालबर्रा वन परिक्षेत्र में पदस्थ वन रक्षक को साढ़े तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी वनरक्षक विस्थापन मुआवजा सूची ने नाम कटवाने की धमकी देते हुए रिश्वत की मांग कर रहा था। ईओडब्ल्यू की टीम ने आरोपी वनरक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की।

ईओडब्लयू जबलपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कान्हा-पेंच कॉरिडोर के कोर एरिया में वन्य प्राणियों की आवाजाही तथा संख्या अधिक होने के कारण नवग्राम नवेगांव के निवासियों को विस्थापित किया जा रहा था। विस्थापन की कार्यवाही के लिए पति-पत्नी को एक यूनिट तथा परिवार को अन्य सदस्यों को पृथक यूनिट माना जा रहा था। प्रत्येक यूनिट के हिसाब से 15 लाख रुपये मुआवजा दिया जाना था। मुआवजा सूची में राजेंद्र धुर्वे पिता फागूलाल धुर्वे उम्र 27 जाति बैगा का नाम शामिल थे। परिवार में 5 यूनिट होने के कारण उसे 75 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर मिलने लगे थे।

गांव में रहने वाली सुखवंती बाई के नाम से भी कमेटी ने एक साल पहले मुआवजा निर्धारित किया था, जिसमें से 5 लाख रुपये उसे मिल गए थे। सुखवंती बाई ने लगभग 3 माह पूर्व राजेन्द्र से विवाह कर लिया था। बालाघाट जिले के वन परिक्षेत्र लालबर्रा में वनरक्षक बीट गार्ड नवेगांव मत्तव नगपुरे उम्र 56 साल राजेन्द्र को धमकी दे रहा थां।

CHANGE OF NAME

It is for general information that I, AJAYPAL SINGH RAJPOOT S/O CHALIRAJA SINGH RAJPOOT, declare that name of my minor son has been wrongly written as LAKI in my minor son namely LAXMAN SINGH RAJPOOT, aged 14 years in his Aadhar Card No.5523 5318 2415. The actual name of my minor son is LAXMAN SINGH RAJPOOT, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(AJAYPAL SINGH RAJPOOT)
Resi. Majhgua, Post Sanoudha, Sagar (M.P.) 470001

दूरभाष 07582-223308
फैक्स 07582-222070,224543
ई मेल- admsagar41@gmail.com

न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विवाह अधिकारी, जिला - सागर म.प्र.
प्रकरण क्रमांक.....2025-26

विज्ञप्ति

चूंकि, विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए (वर) **श्री हिमांशु सोनी पिता श्री सुरेश सोनी** उम्र-22 वर्ष निवासी वार्ड नं: 06 रहली थाना व तहसील रहली जिला सागर (म.प्र.) एवं (वधू) **श्रीमति कामनी अहिरवार पुत्री श्री चंद्रकांत अहिरवार** उम्र-19 वर्ष निवासी रामनगरी वार्ड नं. 05 रहली थाना व तहसील रहली जिला सागर (म.प्र.) द्वारा स्वयं के विवाह दिनांक 15.11.2024 जो स्थान मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सम्मेलन गढाकोटा तहसील गढकोटा जिला सागर (म.प्र.) से होना लेख किया है जिसके संबंध में मध्यप्रदेश हिन्दू विवाह रजिस्ट्रीकरण नियम 1984 के नियम 4 के उपनियम (*) के अधीन आवेदन जिसकी प्रति संलग्न है) अधोहस्ताक्षरी को आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पर विचार करने के लिए तारीख 29.09.2025 नियत की गई है।आपको एतद द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आप इस सूचना की प्राप्ति से दिनांक **29.09.2025** के तक अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें कि क्या आप उपरोक्त आवेदन पत्र में वर्णित विशिष्टियों की सत्यता स्वीकार करते है और क्या विवाह के तथ्यों को हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 (1955 का सं. 25) की धारा 8 के अधीन बनाये रखे गये हिन्दू विवाह रजिस्टर में प्रविष्टि किये जाने के संबंध में आपको कोई आपत्ति है। यदि उपरोक्त कालावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नही होती तो यह समझा जावेगा कि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के संबंध में आपको कोई आपत्ति नही है। आप व्यक्तिगत रूप से तारीख **29.09.2025** को उपस्थित हो सकते है और ऐसा न करने पर कार्यवाहियां आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय की जाने के दायित्वाधीन होंगी।

(अविनाश रावत)
अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सागर म.प्र.

दूरभाष 07582-223308
फैक्स 07582-222070,224543
ई मेल- admsagar41@gmail.com

न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विवाह अधिकारी, जिला - सागर म.प्र.
प्रकरण क्रमांक.....2025-26

विज्ञप्ति

चूंकि, विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए (वर) **श्री अभिषेक सेन पिता श्री कमलेश सेन** उम्र-24 वर्ष निवासी काकागंज वार्ड सागर थाना मोतीनगर तहसील व जिला सागर (म.प्र.) एवं (वधू) **श्रीमति रेवती अहिरवार पुत्री श्री लच्छू प्रसाद अहिरवार** उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम पथरिया हाट थाना मोतीनगर तहसील व जिला सागर (म.प्र.) द्वारा स्वयं के विवाह दिनांक **28.05.2025** जो स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी सागर तहसील व जिला सागर (म.प्र.) से होना लेख किया है जिसके संबंध में मध्यप्रदेश हिन्दू विवाह

रजिस्ट्रीकरण नियम 1984 के नियम 4 के उपनियम (*) के अधीन आवेदन जिसकी प्रति संलग्न है) अधोहस्ताक्षरी को आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पर विचार करने के लिए तारीख **13.10.2025** नियत की गई है। आपको एतद द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आप इस सूचना की प्राप्ति से दिनांक 13.10.2025 के तक अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें कि क्या आप उपरोक्त आवेदन पत्र में वर्णित विशिष्टियों की सत्यता स्वीकार करते है और क्या विवाह के तथ्यों को हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 (1955 का सं. 25) की धारा 8 के अधीन बनाये रखे गये हिन्दू विवाह रजिस्टर में प्रविष्टि किये जाने के संबंध में आपको कोई आपत्ति है। यदि उपरोक्त कालावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नही होती तो यह समझा जावेगा कि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के संबंध में आपको कोई आपत्ति नही है। आप व्यक्तिगत रूप से तारीख **13.10.2025** को उपस्थित हो सकते है और ऐसा न करने पर कार्यवाहियां आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय की जाने के दायित्वाधीन होंगी।

अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सागर म.प्र.

SECTION-1
Notice Inviting Tender
GOVERNMENT OF MADHYA PRDESH
OFFICE OF THE DIVISIONAL FOREST OFFICER, NORTH SAGAR DIVISION

NIT. No. 3889 /E-tendering/2025 Dated: 15/09/2025

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria:

S. No. / Pkg/ Code	Name of Work	District (s)	Probable Amount of Contract (Rs. in lakh)	Period of Completion
1	TURNKEY CONSTRUCTION OF Ranger QUARTER IN Range Bandrii	SAGAR	32.06	ON OR BEFORE 28 Feb. 2026
2	TURNKEY CONSTRUCTION OF SDO QUARTER IN Range Banda	SAGAR	32.06	

1. Interested bidders can view the detailed NIT on the website https://www.mptenders.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only online from Date 16.09.2025 Time 02:00 pm to Date 30-09-2025 Time 03:00 pm
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

G-18873/25

DIVISIONAL FOREST OFFICER, NORTH SAGAR DIVISION

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)
Email Id-khuraieephed@gmail.com
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल पर खण्ड खुरई जिला सागर में निम्नलिखित कार्यो हेतु आमंत्रित की जाती है

स. क्रं.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	प्रणाली निविदा क्रमांक	विकास खण्ड	कार्य का विवरण	निविदा की लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
01	23/ 18.09.25	2025_ PHED_ 452670_1	Khurai	HIRING OF VEHICLE (BOLERO / SCORPIO) FOR INSPECTION OF DEPARTMENT WORK IN THE RURAL AREAS FOR OFFICE OF A.E. P.H.E. SUB DIVISION KHURAI Distt. Sagar M.P.	504000/-	10080/-	2000/-	24 Months	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
02	24/ 18.09.25	2025_ PHED_ 452671_1	Rahatgarh	HIRING OF VEHICLE (Bolero / Scorpio) FOR INSPECTION OF DEPARTMENT WORK IN THE RURAL AREAS FOR OFFICE OF A.E. P.H.E. SUB DIVISION RAHATGARH Distt. Sagar M.P.	504000/-	10080/-	2000/-	24 Months	--तदैव--
03	25/ 18.09.25	2025_ PHED_ 452672_1	Rahatgarh	Removing of unserviceable hand pump in village of block Rahatgarh and Jaisinagar District Sagar (M.P.)	224000/-	4480/-	2000/-	02 Months	--तदैव--
04	26/ 18.09.25	2025_ PHED_ 452673_1	Khurai	Removing of unserviceable hand pump in village of block Khurai, Bina and Malthone District Sagar (M.P.)	336000/-	6720/-	2000/-	02 Months	--तदैव--

आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि	:	19.09.2025
आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय कर अपलोड करने की अंतिम तिथि	:	26.09.2025
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि	:	29.09.2025

निविदा फार्म उपरोक्त वेबसाईट पर आफ लाईन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं ।
निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड खुरई जिला सागर (म. प्र.)
जी-18893/25

सार समाचार

उधार पैसे मांगने पर पीड़ित महिला के साथ दो लोगों ने की मारपीट

दिगौड़ा, देशबन्धु । थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामना में पीड़ित महिला ने अपने परिवार के लोगों से उधार के पैसे मांगे तो परिवार के दो लोगों ने पीड़ित महिला के साथ लाठी डंडे से मारपीट कर दी। इस घटना में पीड़ित महिला के पैर में चोट आ गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित महिला राजाबाई अहिरवार पत्नी राकेश अहिरवार उम्र 25 साल निवासी धामना ने बताया है कि पीड़ित महिला ने अपने परिवार के सुनील अहिरवार व अंकुश अहिरवार से उधार के रुपए मांगे तो उन दोनों ने विवाद किया और पीड़िता के साथ लाठी डंडे से मारपीट कर दी। पीड़िता ने बताया है कि डंडा मारने से उनके पैर में गंभीर चोट आ गई है जिससे वह चल फिर नहीं पा रही है। पुलिस ने इस मामले में एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बिजली गिरने से 36 बकरियों की मौत 15 वर्षीय लड़की घायल, हीरापुरा पंचायत के पट्टी बलवंत गांव का हादसा

खरगापुर, देशबन्धु। खरगापुर तहसील में गुरुवार शाम को बिजली गिरने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक अन्य किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना खरगापुर क्षेत्र के हीरापुर पंचायत के पट्टी बलवंत गांव में शाम करीब 6 बजे की है। मृत बच्चे का नाम आशीष यादव था, वहीं शिमला रैकवार (15) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खरगापुर के तहसीलदार सत्य प्रकाश शुक्ला ने बताया कि बारिश के दौरान यह हादसा हुआ। तहसीलदार ने कहा कि एक और बच्चे के घायल होने की सूचना मिली है, जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

रक्तदान मानवता की सेवा का पुनीत कार्य : अनुज खटीक

पलेरा, देशबन्धु । स्वैच्छिक रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है और यह एक महान सेवा है। रक्तदान जीवनदान है। यह विचार व्यक्त करते हुए जतारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश महामंत्री हरीशंकर खटीक के पुत्र अनुज खटीक ने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से नियमित रक्तदान करने की अपील की, जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और जीवन बचाया जा सके। विधायक पुत्र अनुज खटीक ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान एक सुरक्षित प्रक्रिया है और इसे हर स्वस्थ व्यक्ति नियमित रूप से कर सकता है। इस प्रकार, रक्तदान से न केवल दूसरों की मदद होती है, यह दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी यह लाभकारी है।

रक्तदान मानवता की सेवा का पुनीत कार्य- अनुज खटीक

पलेरा, देशबन्धु । स्वैच्छिक रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है और यह एक महान सेवा है। रक्तदान जीवनदान है। यह विचार व्यक्त करते हुए जतारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश महामंत्री हरीशंकर खटीक के पुत्र अनुज खटीक ने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से नियमित रक्तदान करने की अपील की, जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और जीवन बचाया जा सके। विधायक पुत्र अनुज खटीक ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान एक सुरक्षित प्रक्रिया है और इसे हर स्वस्थ व्यक्ति नियमित रूप से कर सकता है। इस प्रकार, रक्तदान से न केवल दूसरों की मदद होती है, यह दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी यह लाभकारी है।

जैन धर्मशाला के सामने मैदान को लेकर 2 पक्ष आमने-सामने

धार्मिक आयोजन को लेकर एसडीएम ने नहीं दी किसी भी पक्ष को अनुमति

दिगौड़ा, देशबन्धु । कस्बा के मुख्य बाजार में स्थित नवीन जैन धर्मशाला के सामने स्थित मैदान पर जैन पक्ष 18 सितंबर से भक्तांबर पाठ का आयोजन करना चाहता था, वहीं इसी मैदान पर हिंदू पक्ष हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र में मां दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित करना चाहता था। इसके लिए दोनों पक्षों द्वारा पिछले कुछ दिनों में तहसील दिगौड़ा, थाना दिगौड़ा, जतारा एसडीएम सहित कलेक्टर को अनुमति दिए जाने को लेकर आवेदन दिए गए थे। प्रशासन द्वारा यहां पर किसी भी पक्ष को धार्मिक आयोजन करने की अनुमति नहीं दी गई, जिससे हिंदू पक्ष आक्रोशित है। इस मामले में जब मीडिया ने जतारा एसडीएम से बात करनी चाही तो उन्होंने बात करने से मना कर दिया।

प्रशासन द्वारा किसी भी पक्ष को अनुमति नहीं देने पर आज जतारा एसडीएम संजय कुमार दुबे व दिगौड़ा तहसीलदार श्रीमती प्राची जैन द्वारा जैन धर्मशाला के सामने विवादित मैदान का निरीक्षण किया और इसके बाद पुलिस थाना दिगौड़ा में समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर की मौजूदगी में जैन पक्ष के अशोक जैन, शैलेन्द्र जैन, बल्लू जैन एवं हिंदू पक्ष के रवि सोनकिया, अशोक केवट, हरि सेन के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसडीएम ने बताया है कि प्रशासन किसी भी पक्ष को इस मैदान पर धार्मिक आयोजन करने की अनुमति नहीं देता है।

इनका कहना है

इस निर्णय पर हिंदू पक्ष के लोगों ने बताया है कि हम इस शासकीय मैदान पर कई वर्षों से नवरात्र त्योहार पर माँ दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित करते आ रहे हैं और इस बार हम लोगों को यहां पर प्रतिमा स्थापित नही करने दी जा रही है। हम लोगों की मांग है कि इस मैदान पर पहले की तरह इस बार भी 22 सितंबर से दुर्गा मां की प्रतिमा को स्थापित करने की अनुमति दी जाए। यदि अनुमति नहीं मिलती है तो हम सभी लोग आमरण अनशन पर बैठेंगे।

वहीं इस निर्णय पर जैन पक्ष का कहना है कि जैन धर्मशाला में 18 सितंबर से भक्तांबर पाठ किया जाना था लेकिन प्रशासन द्वारा अनुमति प्रदान नही की गई इसी मैदान पर हमारी बॉउंड्री बाल बनी हुई और जिस पर हमारा कब्जा है और इसी मैदान से लगी हुई हमारी धर्मशाला है।

लेनदेन पर लोहे के पाइप से पीटा

हाथ में आई गंभीर चोट

दिगौड़ा, देशबन्धु । थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामना में आज 19 सितंबर की दोपहर 2ः30 बजे रुपयों को लेनदेन पर पीड़ित व्यक्ति के साथ गांव के एक व्यक्ति ने लोहे के पाइप से मारपीट कर दी। पीड़ित व्यक्ति ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित व्यक्ति भज्जू कुशवाहा 40 साल निवासी धामना ने बताया है कि आज शनिवार की दोपहर को उसका रुपयों के लेनदेन पर गांव के चुन्नू ठाकुर से विवाद हो गया।

इस विवाद में अनावेदक चुन्नू ने पीड़ित भज्जू की लोहे के पाइप से मारपीट कर दी और पीड़ित को बचाने के लिए गई उसकी बहु के साथ भी मारपीट कर दी। इस घटना में पीड़ित के हाथ में गंभीर चोट आ गई। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाव की जानकारी दी

पलेरा, देशबन्धु। विकासखंड अंतर्गत आने वाले गांव बराना एवं कछौरा में नारी शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता ग्राम सरपंच ने की। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें गंभीर बीमारियों से बचाव की जानकारी देना था। आयोजित कैंप पर तैनात किए गए डॉक्टर मुकेश साहू एवं डॉक्टर अंकित गुप्ता के द्वारा 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। डॉ मुकेश साहू ने बताया कि यदि नारी स्वस्थ रहेगी, तो उसका परिवार भी स्वस्थ रहेगा। इस दौरान किशोरी और महिलाओं में होने वाली गंभीर बीमारियों जैसे एनीमिया, कैंसर, टीबी, बीपी, शुगर, डेंगू और मलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही इन बीमारियों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से समझाया गया। ग्राम प्रधान ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

इस अभियान में गांव की तमाम महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बीते गुरुवार की सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ कैंप करीब 4 तक आयोजित किया गया। मरीजों की निशुल्क जांच एवं दवाइयां वितरण की गई। इस मौके पर समस्त एएनएम एवं स्टाफ मौजूद रहा।

शासकीय महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

पलेरा, देशबन्धु। जिला चिकित्सालय द्वारा डॉक्टर विकास जैन ब्लड बैंक अधिकारी एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रगण तथा रेड रिबन क्लब के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय में रक्तदान किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र एवं छात्राओं ने रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ रघुनाथ पाल के संरक्षण में शिविर का उद्घाटन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के शंभूलाल कौल, डॉक्टर लोकेंद्र सिंह नरवरिया, डॉक्टर बलराम अग्निहोत्री, डॉक्टर ममता मैडम, डॉक्टर ममता कुशवाहा, डॉक्टर प्रमोद रिछारिया, डॉक्टर शरद पाराशर, डॉक्टर के जी चौरसिया, डॉक्टर मंसूरी मैडम, जितेन सिंह घोष, आरती यादव समेत स्टाफ उपस्थित रहा। रक्तदान करने वालों में डॉ ममता चानना, प्रियंका यादव,शैली अहिरवार ,नितेन्द्र मिश्रा ,जितेंद्र सोनी एवं सहयोगी रितिक नामदेव, अंश खरे, मोंटी दुबे, पीयूष तिवारी, विनय पटेरिया द्वारा रक्तदान कैम्प में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर के द्वारा रक्तदान करने वालों का अभिवादन किया गया। इसके अलावा प्रमाण पत्र भी भेंट किए गए।

केन्द्रीय विद्यालय में हुआ हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

टीकमगढ़, देशबन्धु । पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय टीकमगढ़ में हिंदी पखवाड़ा के तहत पुस्तकालय में हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का विधिवत् उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य संतोष सोनी और एके श्रीवास्तव ने रिबन काटकर किया। प्रदर्शनी में हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं की पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। जिनमें कविता, कहानी, उपन्यास और नाटक शामिल हैं। प्रसिद्ध हिंदी लेखकों की रचनाएं पाठकों के लिए उपलब्ध रहीं। छात्रों और पाठकों ने प्रदर्शनी में भरपूर रुचि दिखाई और प्रदर्शनी का आनंद लिया। पुस्तकालयाध्यक्ष रूमान मलिक ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने छात्रों और पाठकों से आह्वान किया कि वे हिंदी साहित्य के प्रति अपनी रुचि बढ़ाएं और पुस्तकालय की पुस्तकों का लाभ उठाएं। जिसमें सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। टीकमगढ़ 7 केंद्रीय विद्यालय के पुस्तकालय में प्रदर्शनी में पहुंचे बच्चे।

सेवा पखवाड़ा: सफाई अभियान चलाकर नागरिकों को किया जागरूक

आष्टा, देशबन्धु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगरपालिका द्वारा सेवा पखवाड़ा आयोजन के तहत नगर में साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी है। इसी के चलते नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, वार्ड पार्षद रवि शर्मा द्वारा सेमनरी रोड़ स्थित वर्षो पुराने कचरे के ढेर की मौके पर रहकर साफ-सफाई करवाई गई, साथ ही गंदगी के पूर्णत: निपटान हेतु उक्त स्थल पर चूरी डालकर कीचड़ युक्त स्थल को व्यवस्थित कराया गया।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने आसपास के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री द्वारा सफाई कार्य को अति महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया जाता है। आप भी इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता निभाते हुए सुफाई कार्य के प्रति जागरूक बनें और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं साफ रखें, ताकि आसपास का वातावरण सुंदर नजर आए और गंदगी से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों से आप सुरक्षित रह सकें। जहां गंदगी रहती है वहां विभिन्न गंभीर बीमारी अपने पैर पसार लेती है, इसलिए सफाई कार्य को महत्वपूर्ण कार्यो में शामिल करें और इसके लिए अपने मित्रों, परिजनों को भी प्रेरित करें। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने सफाई मित्रों को निर्देशित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगर के ऐसे सभी कचरा संग्रहित स्थल को चिन्हित कर उक्त स्थल की समुचित साफ-सफाई करें। साथ ही वहां निवासरत नागरिकों को सफाई कार्य के प्रति जागरूक करें। वहीं वार्ड जमादारों को सख्ती से निर्देश देते हुए कहा कि कचरा संग्रहण वाहन नियमित नगर के प्रत्येक वार्डो में समयानुसार भ्रमण करें, अगर किसी भी वार्ड से नागरिकों की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित वार्ड जमादार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित वार्ड जमादार की होगी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, वार्ड पार्षद रवि शर्मा, पार्षदगण, डॉ. सलीम खान सहित नपा की सफाई टीम मौजूद थी।

अमावस्या पर गिरधारी मंदिर में होगा नगर भंडारा

सिरोंज, देशबन्धु। पितरों के निमित्त तर्पण श्रीमद्भागवत मूल पाठ नाम जप, गीता पाठ, शांति हवन, नगर ब्रह्माण भोज का अनूठा आयोजन अग्रवाल समाज विगत 18 वर्षों से करता आ रहा हैं।

इस वर्ष यह आयोजन 14 सितंबर से प्रारंभ हो गया श्री गिरधारी अग्रसेन मंदिर में शास्त्री ऋषिकांत शर्मा तथा रामवीर शर्मा कि देखरेख में ठाकुर लड्डू गोपाल का अभिषेक सभी पीठों का पूजन तथा आरती भजन हुए। 15 सितंबर को पितरों कि शांति हेतु भगवान नर्मदेश्वर का रूद्राभिषेक तथा एकादशी को श्री कृष्ण गौशाला में गायों को ग्रास खिलाया गया। कार्यक्रम के प्रेरणा स्त्रोत दिनेश चंद्र गर्ग ने बताया कि यह समाज के समस्त पितरों के लिए अनूठा आयोजन हैं जो भारत वर्ष में मात्र नगर सिरोंज में होता हैं जिसमें हमें नगर के साथ भोपाल, विदिशा, नर्मदापुरम, सागर, लटेरी, बोडा, ब्यावरा सहित अन्य शहरों का सहयोग मिलता हैं। 20 सितंबर कों पितृदोष निवारण यज्ञ तथा 21 सितंबर को सुबह पितरों का विधिवत तर्पण तथा सायं 5 बजे नगर के समस्त ब्रह्माण- ब्राह्मणियों का भोजन भंडारा होगा। जिसमें लगभग 1000 विप्र वंधुयो का भंडारा होता। संपूर्ण सेवाये समाजजन करते हैं।

पृष्ठ 1 का शेष

दिल्ली विवि में अध्यक्ष समेत.... का प्रतिबिंब है। इस विजय से परिषद की छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति में परिवर्तित करने की यात्रा को और अधिक गति मिलेगी। मान ने अपने समर्थकों से विजय उत्सव के दौरान शांतिपूर्ण रहने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, हमें किसी भी प्रकार का विजय जुलूस निकालने की अनुमति नहीं है, इसलिए मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि हम कोई विजय रैली नहीं निकालेंगे और जो कुछ भी करना है, उसे शांतिपूर्ण ढंग से करेंगे।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में 39.45 फीसदी मतदान रिकॉर्ड दर्ज किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में 4.25 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली। वहीं नॉर्थ कैंपस में कुछ कॉलेज के बाहर हंगामा जरूर देखने को मिला। मगर, चुनाव शांतिपूर्वक होता नजर आया। डूसू चुनाव कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष कुल एक लाख 55 हजार मतदाता थे। सभी पोलिंग बूथों के लिए कुल 133412 वोट थे। इसमें 52635 वोटों के मतदान का आंकड़ा प्राप्त हुआ। मतदान के लिए 52 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें 195 पोलिंग बूथ पर छात्रो ने मतदान किया।

निवेश से विन्ध्य को मिलेगी.... संबंधित व फूड प्रोसेसिंग से संबंधित उद्यम के साथ अन्य क्षेत्र में भी उद्योग स्थापना के लिये आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा जिले में मऊगंज व त्योंथर विधानसभा क्षेत्रों में पर्याप्त भूमि की उपलब्धता है। औद्योगिक क्षेत्र विकास की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि उद्यमी स्वयं अपने पूंजी निवेश से परिसर बनाकर उद्योग स्थापित करते हैं तो उन्हें हम पूरी सुविधा व मदद देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्योंथर में कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट के भूमिपूजन की बधाई दी और अपेक्षा की कि इससे स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। पराली की समस्या से निजात मिलेगी तथा जैविक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म-दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री अपने जन्म-दिवस पर मध्यप्रदेश में उपस्थित रहे और उन्होंने पीएम मित्र पार्क के माध्यम से इंडस्ट्रियल क्षेत्र को सौगात दी, जो रोजगार उपलब्धता में मील का पत्थर साबित होगा।

रामनगर में होगा 1 हजार.... प्रदेश की आकर्षक उद्योग नीति से उत्साहित होकर हम प्रदेश में निवेश करेंगे और यह क्षेत्र उद्योग के क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरेगा। सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ. अजय सिंह, पूर्व सांसद देवराज सिंह, कमिश्नर बीएस जामोद सहित बड़ी संख्या में बनारस, प्रयागराज, मिर्जापुर और रीवा से आये उद्यमी शामिल हुए।

सबलगढ़ एसडीएम निलंबित.... थे। जब बेटी ने उन्हें मना किया, तब भी वह बार-बार प्रताड़ित कर रहे थे। महिला ने बताया कि एसडीएम ने उसके देवर जो सबलगढ़ में रहकर दुकान पर मजदूरी करता है, उसको को भी देर शाम दुकान से बुलाकर मुझे और मेरी बेटी को अभद्र गाली गलौज की। उसके बाद देवर को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में अब सरकार की तरफ से बड़ा एक्शन लिया गया है और उन्हें निलंबित किया गया है।

474 और दलों को.... (2021-22, 2022-23, 2023-24) में निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने वार्षिक लेखापरीक्षित खाते जमा नहीं किए हैं और चुनाव तो लड़े हैं, लेकिन चुनाव व्यय रिपोर्ट दाखिल नहीं की है। यह देश भर के 23 विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी पार्टी को अनुचित रूप से सूची से बाहर न किया जाए, संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को इन आरयूपीपी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया है, जिसके बाद संबंधित मुख्य कार्यकारी अधिकारियों द्वारा सुनवाई के माध्यम से पार्टियों को एक अवसर दिया जाएगा। इसमें कहा गया है कि चुनाव आयोग, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर किसी भी आरयूपीपी को सूची से बाहर करने का अंतिम निर्णय लेता है।

अब आयोग ने तीसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 359 दल शामिल हैं, जिन्होंने चुनाव तो लड़ा लेकिन पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) के वार्षिक ऑडिट खातों या चुनाव खर्च की रिपोर्ट जमा नहीं की। इन दलों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और सुनवाई के बाद आयोग अंतिम फैसला लेगा। जून 2025 से पहले देश में 6 राष्ट्रीय दल, 67 राज्य दल और 2,854 पंजीकृत दल थे। अब 808 दलों को हटाए जाने के बाद यह संख्या 2000 के आसपास रह गई है। इसे आयोग का अब तक का सबसे बड़ा सफाई अभियान माना जा रहा है।

25 सितंबर को स्वच्छता महाअभियान चलाया जाएगा

नपा ने शहर के 20 सर्वाधिक गंदे स्थानों को चिन्हित किया

टीकमगढ़, देशबन्धु। यह अभियान %स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित हो रहा है, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने शुक्रवार को एक बैठक में इस कार्यक्रम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें शहर के सभी सामाजिक, धार्मिक संगठनों के लोग, स्कूली बच्चे, अधिकारी, मीडिया कर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सोशल ग्रुप्स और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

महाअभियान के लिए शहर के 20 ऐसे प्रमुख स्थानों को चुना गया है, जहां सबसे अधिक गंदगी है। इन स्थानों पर अलग-अलग टीमों को नियुक्त किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे अपने घर, दुकान के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर भी सफाई का विशेष ध्यान रखें। सीएमओ भदोरिया ने बताया कि इस अभियान के लिए शासन या नगर पालिका की ओर से कोई अलग से बजट निर्धारित नहीं किया गया है। इसे सामाजिक सहयोग से पूरा किया जाएगा। मेडिकल स्टोर संगठन ने ग्लव्स और मास्क उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है, वहीं व्यापारी वर्ग ने भी हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

सामूहिक सहयोग से शहर के इन 20 गंदे स्थानों को साफ-स्वच्छ बनाया जाएगा। साथ ही, लोगों से इन स्थानों को हमेशा स्वच्छ रखने की अपील भी की जाएगी। अभियान में कलेक्टर, एसपी, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहेंगे।

रामदल जुलूस मार्ग, जवारे विसर्जन, दशहरा चल समारोह एवं विसर्जन स्थलों का निरीक्षण

त्यौहारों को लेकर कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ भ्रमण कर लिया जायजा

दमोह देशबन्धु। नवरात्रि पर्व और अगामी दशहरा, जवारे विसर्जन की व्यवस्थाओं के मद्देनजर कलेक्टर मिशा सिंह और पुलिस अधीक्षक ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने रामदल जुलूस, जवारे विसर्जन, दशहरा चल समारोह एवं विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर मिशा सिंह ने कहा आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हो चुकी है, शांति समिति की बैठक में जो-जो पाइंट आये थे, इस संबंध में पुलिस अधीक्षक और संबंधित विभागो के अधिकारियों के साथ भ्रमण किया है। उद्देश्य पिछले साल जो अच्छी बातें लागू की गई थी पुनरू फालो किया जाये। उन्होंने कहा और इम्प्रूव किया जा सकता है, वह प्लान जोड़ा जाये। कलेक्टर मिशा सिंह ने कहा रामदल जूलूस का पूरा मार्ग देखा और देवी जी विर्सजन मार्गों का अवलोकन किया गया है, साथ ही बड़ी देवी में पर्व के दृष्टिगत भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखा गया है। उन्होनें कहा नवाचार कर लोगो और श्रद्धालुओं की सुविधा, आयोजको एवं समाज की सुविधा के तहत् कोई भी कार्य समाज के सारे लोगो से चर्चा कर, विचार लेकर कैसे अच्छे तरीके किया जा सकता है, किया जायेगा। सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये जायेगें, सारे कैमरो की चौकिंग चल रही है, सभी को व्यवस्थित, सुनिश्चित कराया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा शांति समिति की बैठक हुई है, नवरात्रि पर्व के अलग-अलग पहलू हैं, त्यौहार के उसी तत्वाधान में भ्रमण पर निकले हुये है। रामदल जुलूस, अखाड़े, जवारे का जुलूस और दशहरा विसर्जन आदि की पूरी प्रक्रिया के तहत क्या सुविधा दे सकते है और पिछली बार की तरह प्रयास होगा की किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो दुर्घटना मुक्त रखा जाये। सुविधाएं लोगों को मिल जाये और नवाचार के विषय में कलेक्टर मैडम ने निर्देश दिये है, दुर्घटनाएं हम बचा पायें प्रयास किये जायेंगे। भ्रमण के दौरान सहायक कलेक्टर ऋषिकेश वियज ठाकरे, एडीशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीएम आरएल बागरी, सीएसपी एचआर पाण्डे सहित अन्य अधिकारीगण साथ थे।

भ्रमण के पूर्व कलेक्टर मिशा सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में नवरात्रि पर्व को लेकर जिला अधिकारियों की एक बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा त्यौहार सौहाद्र पूर्ण वातावरण में संपन्न हो, व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, समस्त एसडीएम सहित जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

सामुदायिक भवन का निरीक्षण करने पहुंचे राज्यमंत्री लोधी

दमोह देशबन्धु। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत घांघरी के ग्राम पटी में श्री हनुमान मंदिर के पास निर्माणधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण करने पहुंचे जहां गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए स्वयं ने रेत, सीमेंट सहित अन्य सामग्री देखी। राज्यमंत्री लोधी ने बताया कि हमारा प्रयास है कि जबेरा विधानसभा की प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए जिससे लोगों को सामाजिक कार्यक्रम करने में कोई दिक्कत परेशानी ना हो अभी तक विधानसभा की 132 पंचायतों में से लगभग 32 पंचायतों को सामुदायिक भवन की राशि उपलब्ध करा दी गई है जिनके निर्माण कार्य चालू है एवं अन्य निर्माणधीन है जल्द ही और भी पंचायत को राशि प्रदान की जाएगी जिससे ग्रामवासी पारिवारिक कार्यक्रम सहित सामाजिक कार्य कर सकेंगे। उन्होने कहा मैंने देखा है कि शादी विवाह करने में ग्राम वासियों को दिक्कत परेशानी होती है क्योंकि पहले के समय में स्कूल या अन्य सरकारी भवन मिल जाते थे लेकिन अब बंद हो गये है इसीलिए मैंने संकल्प लिया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत एक भवन बनकर तैयार हो।

राष्ट्र आराधन के सौ वर्ष पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

दमोह देशबन्धु। भारत विकास परिषद शाखा द्वारा दमोह के पीएम श्री शासकीय ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव स्मृति पीजी महाविद्यालय के सभा कक्ष में व्याख्यान का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्र आराधन के 100 वर्ष विषय पर ये व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ बिलासपुर से पधारे भारत विकास परिषद मध्य क्षेत्र के संयुक्त महासचिव पूर्णेन्दु जी भट्ट मौजूद रहे इन्होंने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना और तत्कालीन देश की परिस्थिति और संघ के संघर्ष पर प्रकाश डाला। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष सुनील कोठारी ने की, उन्होंने भी उपस्थित सदन को संबोधित करते हुए देश निर्माण में संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक डॉ विक्रांत चौहान मौजूद रहे वही भारत विकास परिषद शाखा दमोह अध्यक्ष दीपक सिंघानिया ने कार्यक्रम के आयोजन और प्रयोजन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में परिषद के प्रांतीय सचिव राजीव कृष्ण बिरथरे मौजूद रहे जिन्होंने अतिथियों का स्वागत किया भारत विकास परिषद दमोह के प्रतिवेदन को शाखा सचिव विक्रम सिंह राजपूत ने प्रस्तुत किया,वहीं वंदे मातरम गीत विभा पलनिटकर द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अतिथि परिचय संस्कार प्रमुख भूपेंद्र जैन में प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ बिलासपुर से पधारे मुख्य वक्ता को सुनने के लिए बड़ी संख्या में दमोह नगर के गणमान्य नागरिकों और श्रोतागणों की मौजूदगी रहीं वहीं,बीते समय आयोजित प्रतियोगिताएं भारत को जानो परीक्षा और समूह गान के प्रतिभागियों को यहां से प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया, इस कार्यक्रम के दौरान भारत विकास परिषद शाखा दमोह के उपाध्यक्ष आदित्य चौरसिया उपाध्यक्ष प्रशांत शेंडेय, पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रभारी राजेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष सचिन यादव, उपाध्यक्ष महेंद्र ताम्रकार, सह सचिव राकेश चौरसिया, संस्कार प्रमुख भूपेंद्र जैन डॉ ब्रजेश कुलपरिया,पंकज खरे सौरभ खरे मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मनीष सोनी ने किया वहीं, कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय सचिव राजीव बिरथरे ने सभी का आभार माना।

ग्राम दोनी सिद्ध क्षेत्र में खेतों से निकल रहे रत्न

दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु। ग्राम पंचायत पाठादों के सिद्ध क्षेत्र ग्राम दोनी में किसानों के खेत में रत्न निकलने की जानकारी मिलने पर देशबन्धु द्वारा ग्राम दोनी में जंगली क्षेत्र में पहुंचकर जब वास्तविकता की जानकारी लेने गए तो वहा कई खेतों में महिला पुरुष बच्चे हाथों में कुदाली हाशिया से जमीन खोदते मिले। जब कुछ किसानों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि हमारे ग्राम के खेतों में हीरा मोती निकल रहे है इसलिए हम लोग खेत में हाथों से खुदाई कर रहे है कि हम लोगों के खेत में भी रत्न निकलते है कि नहीं। संवाददाता ने करीब 500 मीटर खेतों में पैदल जाकर देखा तो किसान अपने परिजन के साथ खेत में खुदाई करते नजर आए

बहुत पूछताछ करने में ग्राम के तीन चार लोगों को रत्न मिले है उनमें से एक ने मोती को बाहर से आए एक व्यापारी को 28 हजार में बेच दिया पर ग्रामीणों ने उसका नाम नहीं बताया ग्राम में पहुंचकर सिद्ध क्षेत्र में स्थित हनुमान जी के मंदिर में दर्शा के बाद कुछ और जानकारी लेने पर एक युवक सामने आया जिसने ईमानदारी से बताया कि हमारे मित्र रामेश्वर यादव को एक कीमती रत्न मिला था जिससे उसने व्यापारी को पच्चीस हजार में बेच दिया है इसी तरह एक दो अन्य किसानों को रत्न मिलने की जानकारी लगी लौटते वक्त रस्ते में एक पेड़ के नीचे दर्जनों लोग दिखे तो पूछताछ करने पर उन्होंने गोल मोल जवाब दिए। बाद में पता चला कि यही लोग बाहर के व्यापारी थे। इस संबंध में तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व को संवाददाता ने जानकारी दी तो एस डी एम ने कहा कि में जाकर देखता हु पर यह बात सही है कि ग्राम दोनी में किसानों के खेतों में कुछ रत्न निकले है बह किसानों के निजी खेत है। ग्राम में अधिकांश किसानों के खेत में मक्के की फसल लगी हुई है वह पांच दिन में काटने के बाद किसानों द्वारा अपने खेतों में रत्न मिलने की संभावना को देखते हुए खुदाई की संभावना लोगों द्वारा व्यक्त की गई है।

आबकारी विभाग द्वारा 2 लोगों से भारी मात्रा में पकड़ी अवैध शराब

पन्ना, देशबन्धु। कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना शहर में अवैध शराब के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई थी, कि पन्ना शहर के रानीगंज क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जा रही है । जिससे मोहल्ले का माहौल खराब है, विशेषकर महिलाओं और बच्चियों को शाम के समय ज्यादा समस्या हो रही है। इस पर आबकारी टीम द्वारा रानीगंज मोहल्ला पहुंचकर आरोपी अशोक यादव पिता सिद्ध गोपाल यादव, उम्र 40 वर्ष और अजय रैकवार पिता रामलाल रैकवार , उम्र 41 वर्ष निवासी रानीगंज वार्ड नंबर 17, थाना कोतवाली पन्ना की विधिवत तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान दोनों आरोपी से क्रमशः 60 पाव और 55 पाव देशी सादा शराब बरामद की गई । जिसकी अनुमानित कीमत 8625 रुपए है । दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है । इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आरक्षक स्मिता ठाकुर, कुलदीप जाटव, रविप्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति और फोटोलाल प्रजापति के साथ जहान सिंह यादव, सोनू बुंदेला शामिल रहे।

जागेश्वरनाथ महादेव का किया जल अभिषेक

दमोह देशबन्धु। प्रहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री, पंचायत व ग्रामीण विकास व श्रम विभाग, मध्य प्रदेश शासन देव श्री जागेश्वरनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने जागेश्वर नाथ महादेव का जल अभिषेक किया और विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर सर्वदेव के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं प्रत्येक शुभ कार्य के आरंभ और उसकी सफलता के लिए देव श्री जागेश्वरनाथ धाम आकर भगवान के दर्शन करता हूं और आशीर्वाद प्राप्त करता हूं। गौरतलब है कि हाल ही में संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा नर्मदा परिक्रमा सार पुस्तक का विमोचन किया गया था। धाम दर्शन के अवसर पर मंदिर प्रबंधक रामकृपाल पाठक, सहायक प्रबंधक केदार दुबे, पिपरिया टिकरी सरपंच तखत सिंह, वीरू नेमा, सतीश तिवारी, नरेंद्र बजाज, संजय यादव, सुशील गुप्ता, सत्येंद्र साहू, विवेक अग्रवाल, शिवम पाठक, हेमेंद्र असाटी राजन, यशपाल सिंह, देवी सिंह, अंगद सिंह, देवेश पाठक, अमित मिश्रा, पियूष तिवारी, रामबाबू तिवारी, राम प्रसाद पांडे सहित अन्य गणमान्य नागरिक और पुलिस प्रशासन मौजूद रहे। दर्शन के बाद मंत्री दमोह जिले के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने अपने समर्थकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और नव पदाधिकारियों से भी भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम शिवहरे पार्टी के पदाधिकारी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

सेवा पखवाड़ा: नारे एवं पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दमोह देशबन्धु। संस्था रानी दुर्गावती कन्या शाला दमोह में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शाला की छात्राओं के द्वारा स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर का विषय शिक्षित नारी एवं सशक्त परिवार, बेटी है तो जीवन है विषय पर छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक पोस्टर एवं स्लोगन बनाए गए। संस्था प्रभारी पी.एल. त्रिपाठी द्वारा छात्राओ को संबोधित एवं निर्देशित किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों की गरिमामय उपस्थिति रहीं।

एक करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित होगा नमो पार्क

दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु। वन परिक्षेत्र की खखरिया बीट में नगर नमो उपवन का निर्माणपार्क शिलान्यास के अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी जवेरा विधायक और राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के साथ जनप्रतिनिधियों अधिकारियों ने पौधे रोपित किये। कार्यक्रम के दौरान तेंदुखेडा एस डी एम सौरभ गंधर्व, तेंदूखेड़ा एस डीओपीडी एस. ठाकुर, तहसीलदार विवेक व्यास, उपवन मण्डलअधिकारी प्रतीक दुबे, जनपद सी ई ओ मनीष बागरी, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, थाना प्रभारी नीतेश जैन, तारादेही रेंजर देवेन्द्र गुर्जर, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन उपाध्याय लक्ष्मी नामदेव, सासंद प्रतिनिधि मूरत सीग लोधी, मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, पंडित रमेश तिवारी, डाक्टर परम सीग लोधी, रश्मि साहू पूर्व जिला पंचायत, अनीता सीग, विनीता ठाकुर, सरपंच संघ की अध्यक्ष नीतू साहू मौजूद रही। वही अन्य जनप्रतिनिधियों अधिकारी द्वारा 100 से अधिक पौधे लगाए गए ।

छात्रावास में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर सम्पन्न

दमोह देशबन्धु। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शासकीय अनुसूचित जाति-जनजाति महाविद्यालय छात्रावास दमोह में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर में अपर कलेक्टर मीना मसराम की गरिमामयी मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। उन्होंने छात्रावास का संपूर्ण निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया और कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, परिश्रम और नियमित अध्ययन से ही भविष्य में सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक छात्र को अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहना चाहिए और समय का सदुपयोग करना चाहिए। अपर कलेक्टर ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए निरंतर अध्ययन करने और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। शिविर में डॉ. प्रियंका जैन ने रक्तदान महाअभियान और मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही आरएमओ डॉ. बृजेश कुलपारिया ने आयुर्वेद से स्वास्थ्य लाभ के उपाय बताए। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक मुकेश व्यास, संगीता अहिरवाल, रामकली, सौरभ ठाकुर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सेवा पखवाड़ा : आंगनबाड़ी केन्द्रों में हुए कई कार्यक्रम

ग्राम चोपरा में लगाया स्वास्थ्य शिविर

दमोह देशबन्धु। सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत स्वस्थ नारीदृसशक्त परिवार एवं राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के तहत परियोजना दमोह शहरी क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं वार्डों में विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक आठवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह पाँच प्रमुख थीम पर आधारित है। इसमें ऐड्रेसिंग ओबेसिटी के तहत कम तेल, नमक और शक्कर के उपयोग पर समझाइश, हेल्दी लंच बॉक्स एवं लो-ऑयल रेसिपी साझा की गईं। अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन के तहत पोषण भी, पढ़ाई भी थीम पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित। मेन स्ट्रीमिंग थीम के तहत पुरुषों की भागीदारी को भी जोड़ा गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत हितग्राहियों को घरों में पोषण वाटिका लगाने हेतु प्रेरित किया गया। इसी प्रकार इन्फेंट यंग चाइल्ड फीडिंग प्रैक्टिसेज के तहत गर्भवती एवं धात्री माताओं को शिशु आहार एवं स्तनपान संबंधी जानकारी प्रदान की गई। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण मित्र मंडलियों का गठन कर घर-घर पोषण दस्तक दी जा रही है, जिससे राष्ट्रीय पोषण माह के उद्देश्यों को सफल बनाया जा सके। यह अभियान महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों में संतुलित पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

दमोह देशबन्धु। मध्य प्रदेश शासन के दिशा निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोपरा, आयुष एवं एनएचएम तथा महिला बाल विकास की ओर से संयुक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

महिला बाल विकास की ओर से सेक्टर सुपरवाइजर कृष्णा नामदेव के नेतृत्व में पोषण आहार की प्रदर्शनी लगाई एवं पोषण आहार के बारे में जानकारी दी गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयुष विभाग की तरफसे स्वास्थ्य परीक्षणकर आयुर्वेदिक औषधीयो का वितरण गया किया । डॉ. शाहबाज कुरैशी (सीएचओ) एवं डॉ. पंकज दास रोहित(सीएएमओ) ने संयुक्त रूप से ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जिसमें ब्लडप्रेशर, मधुमेह एवं हीमोग्लोबिन जैसी जांचे भी की गई। शिविर के माध्यम से लगभग 60 ग्रामीणजनों,गर्भवती महिलाओं एवं किशोर- किशोरियों शिविर के द्वारा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य शिविर में ग्राम के जनप्रतिनिधियो, चिकित्सकों के साथ ग्राम चोपरा की समस्त आशाकार्यकर्ताएं एवं आशा सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहयोगी एवं सुपरवाइजर, एएनएम, कंपाउंडर, योग प्रशिक्षक, सहायक एवं उप-स्वास्थ्य केंद्र के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

मकरोनिया चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल शुरू, मिलेगी जाम से राहत

सागर, देशबन्धु। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिये गये थे कि मकरोनिया चौराहे की यातायात सिग्नल शुरू किये जायें एवं जन जागरूकता अभियान भी किया जाये जिससे कि ट्रैफिक का दबाव कम हो सके। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश की तत्काल कार्यवाही करते हुये जिला एवं यातायात पुलिस नपा मकरोनिया, लोक निर्माण विभाग ने मकरोनिया चौराहे पर पांच दिन के ट्रायल के बाद यहां लगे ट्रैफिक सिग्नल को चालू कर दिया। ट्रैफिक सिग्नल की वाहन चालकों को जानकारी देने के लिये चौराहे पर यातायात पुलिस और नपा के कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है, जो वाहन चालकों को सिग्नल के पूर्व सड़क पर बनी पट्टी के पहले अपने वाहन खड़ा करने और सिग्नल को फॉलो करने की जानकारी दे रहे हैं, क्योंकि चौराहे से गुजरने वाले पांच रास्तों के लिये लगे सिग्नल में वाहन चालक भ्रमित होने के कारण यातायात व्यवस्था का पालन नहीं कर पा रहे थे। मकरोनिया चौराहे से गुजरने वाली बंडा, नरसिंहपुर, सदर, बंडा, सिविल लाइन और बटालियन की और जाने वाले मार्ग से आने जाने वाले वाहनों के कारण यहां सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बनती थी ट्रैफिक सिग्नल शुरू होने से जाम की स्थिति नहीं बनेगी और व्यक्तियों के समय में भी बचत होगी। ट्रैफिक डीएसपी मयंक सिंह ने बताया कि कलेक्टर के आदेशानुसार मकरोनिया चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल शुरू किये गये हैं सभी ट्रैफिक सिग्नल को समय भी निर्धारित कर लिये गये हैं। चौराहे के पांच रास्तों पर लगे इन ट्रैफिक सिग्नल पर यातायात दबाव को देखते हुये समय निर्धारित किया गया है। बंडा सिविल लाइन रोड पर सबसे ज्यादा वाहनों की आवाजाही को देखते हुए यहां पर सबसे ज्यादा 35 सेकंड, नरसिंहपुर, रजाखेड़ी और बटालियन रोड पर 10 और 20 सेकंड का समय फिक्स किया है।

मेडिकल स्टोर्स का किया निरीक्षण

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा बीना के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में एसडीएम बीना विजय डेहरिया, ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन, नायब तहसीलदार हेमराज मेहर एवं पटवारी उपस्थित थे। निरीक्षण दल द्वारा जड़िया मेडिकल, राधे मेडिकल स्टोर्स, शर्मा मेडिकल, आदर्श मेडिकल एवं मनोहर मेडिकल का निरीक्षण किया। मनोहर मेडिकल पर लाइसेंस न होने पर स्टोर को बंद किया गया। शर्मा मेडिकल पर नारकोटिकेस दवाओं के बिल मोके पर प्रस्तुत नही किये। आदर्श मेडिकल पर बिल बुक नही पायी गयी। मेडिकल स्टोर्स से नारकोटिक्स दवाओं एवं कोड दवाई के खरीदी बिक्री बिल प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है। पायी कमियों के लिये कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जवाव संतुष्ट नहीं पाये जाने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार खुरई के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। ड्रग हाउस, गांधी मेडिकल स्टोर्स, गुरुकृपा मेडिकल का निरीक्षण किया गया बाकि मेडिकल स्टोर्स दुकान बंद कर भाग गये। मेडिकल स्टोर्स संचालको से नारकोटिक्स दवाओं के खरीदी बिक्री बिल प्रस्तुत करने एवं समस्त दस्तावेजों को व्यवस्थित करके मेडिकल का संचालन करने हेतु निर्देशित किया है।

सार-समाचार

तीन करोड़ की 5 हेक्टेयर गौचर की भूमि से अतिक्रण हटाया

सागर, देशबन्धु। ग्राम बम्होरी बीका ग्राम से तीन करोड़ की 5 हेक्टेयर गौचर की भूमि से अतिक्रमण हटाया। तहसीलदार राहुल गौड़ ने बताया कि शुक्रवार को बमोरी बीका ग्राम में बड़ी कार्यवाही करते हुये गोचर की भूमि जो की ग्राम वासियों द्वारा कब्जा की गई थी पर अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई जिसकी कीमत 3 करोड रुपये से अधिक की है।

सीएमओ ने किया दीनदयाल रसोई का औचक निरीक्षण

खुरई, देशबन्धु। नगर पालिका द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई का सीएमओ राजेश मेहतेले ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने भोजन की गुणवत्ता की जांच की, लोगों से बात की और रजिस्टर चेक किये, बैठक व्यवस्था, साफ सफाई एवं रसोई सहित उपकरणों, मशीनों, संपूर्ण परिसर की बेहतर साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। सीएमओ ने खाने की गुणवत्ता परखने हेतु अधीनस्थ कर्मियों के साथ खाया खाना, साफ सफाई सहित गुणवत्ता का निरंतर ध्यान रखने के निर्देश दिये। सीएमओ मेहतेले के साथ स्वास्थ्य शाखा प्रभारी शैलेंद्र सिंह, स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतेश श्रीवास्तव, अशोक पटेल, राजस्व शाखा प्रभारी राजाराम तिवारी, वीरेन्द्र ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

बांदरी, देशबन्धु। आगामी नवरात्रि व दशहरा पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए शुक्रवार को पुलिस थाना परिसर बांदरी में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस ने पंडालों और उनके आसपास के क्षेत्रों में बिजली के खुले तार न रखने तथा बिजली आपूर्ति सुचारू रखे जाने के आदेश दिए। इसके अलावा नगर परिषद के कर्मचारियों को आवारा मवेशियों को नगर से बाहर रखने व यातायात व्यवस्था सुचारू रखने समझाइश दी ताकि लोगों को असुविधा न हो। बैठक में आयोजक समितियों से अपील की गई कि वे पंडाल की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। फूहड़ और आपत्तिजनक संगीत बजाने से सख्ती से बचने की हिदायत दी। नगरवासियों से आग्रह किया कि त्योहार सदैव की भांति शांति, सदभाव तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये। पुलिस त्यौहार को शांति से संपन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। इसके बावजूद भी यदि कोई अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति विघ्न पैदा करता है तो ऐसे लोगों पर पुलिस सख्ती से पेश आएगी। बैठक में समस्त थाना स्टाफ समेत गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकार मौजूद रहे।

टोल प्लाजा कर्मियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

मालथौन, देशबन्धु। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के मालथौन टोल प्लाजा की टीम द्वारा सेवा स्वच्छता पखवाड़ा अंर्तगत टोल प्लाजा परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। टोल प्रबंधक द्वारा समस्त स्टाफ कर्मचारियो को स्वच्छता की शपथ दिलाई। टोल प्रबंधक सहित स्टाफ ने सड़क झाड़ू लगाकर साफसफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। टोल मैनिजर ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष रूप से अभियान चलाया रहा है।

अमन मिश्रा बने सागर एसडीएम

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर संदीप जीआर ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से स्थानान्तरण उपरान्त अमन मिश्रा को अनुविभागीय अधिकारी सागर एवं नगर दण्डाधिकारी नियुक्त किया है।

आज से होगा अग्रसेन महाराज के तीन दिवसीय जयंती महोत्सव का आयोजन

सागर, देशबन्धु। महाराजा अग्रसेन महाराज की 5149 जयंती पर अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ आज मकरोनिया स्थित वृंदावन गार्डन होगा। अग्रवाल विकास सभा के सचिव मोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दोपहर के समय बच्चों के लिये चित्रकला प्रतियोगिता एवं महिलाओं के लिये इंगेजमेंट रिंग प्लेटर प्रतियोगिता आयोजित की गई है इसी दिन शाम के समय 10 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये मोबाइल का दैनिक जीवन पर प्रभाव विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता एवं युगल के लिये स्टैंड अप कॉमेडी फॉर कपल प्रतियोगिता की गई है। द्वितीय दिवस रविवार को दोपहर में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिये बेस्ट टू वेस्ट मटेरियल एवं कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों के लिये तीन पीढ़ियों को दर्शाते हुये फैमिली ट्री जनरेशन विषय पर आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसी दिन शाम को समाज की वरिष्ठ महिलाओं के लिये फूल माला बनाओं प्रतियोगिता एवं बच्चों के लिये फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी है। जयंती महोत्सव के आखिरी दिन शाम 7 बजे से महाराजा अग्रसेन का आरती पूजन, प्रतिभा सम्मान समारोह, पारंपरिक गरबा नृत्य का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

फाइनेंस कंपनी में चोरी करने वाला आरोपी पकड़ाया

सागर, देशबन्धु। मकरोनिया थाना क्षेत्र के गौरनगर में स्थित यूफिन क्रेडिट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की शाखा में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने फरार तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को बडतूमा स्थित हेलीपैड के पास से घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात में शामिल होना स्वीकार कर लिया है। मकरोनिया थाना पुलिस के अनुसार फरियादी लखन साहू पिता शोभालाल साहू निवासी ग्राम गोरा खुर्द ने 16 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। लखन साहू यूफिन क्रेडिट सॉल्यूशन प्रा. लि. में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि ब्रांच मैनेजर राजेश राज ने रात करीब 2.18 बजे फोन पर सूचना दी थी कि कंपनी का कलेक्शन लॉकर चोरी हो गया है। इस लॉकर में ग्राहकों से वसूली गई कुल 1,94,615 की राशि रखी थी, जिसमें 2000 ऑफिस के रख-रखाव के लिये थे। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके साथ ही मुखबिरों को सक्रिय किया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों की पहचान की आदर्श उर्फ बिट्टू घोषी, मुस्तफा खान निवासी गडर, सौरभ राय निवासी भड़राना। इनमें से मुस्तफा खान और सौरभ राय को पुलिस ने 4 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। तीसरा आरोपी आदर्श उर्फ बिट्टू घोषी फरार चल रहा था। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि वह बडतूमा के हेलीपैड के पास देखा गया है। मकरोनिया थाना प्रभारी रवींद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी से वारदात में उपयोग की गई बाइक बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने लॉकर चोरी में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस अब उससे और पूछताछ कर रही है ताकि चोरी की रकम और अन्य तथ्यों की जानकारी मिल सके।

सघन जागरुकता अभियान कार्यक्रम संपन्न

सागर, देशबन्धु। सीआर मॉडल बहु उच्च. माध्य. शाला में मप्र लोक स्वास्थ्य कल्याण विभाग एमपी सेक एवं सीएमएचओ तथा डीटीओ क्षय रोग विभाग नोडल अधिकारी के आदेशानुसार अध्यनरत छात्रों को टीवी हेपेटाइटस वी, एचआईवी सिफलिस जैसी गंभीर बीमारियों के बारे में स्वास्थ्य विभाग से आई मेघना जड़िया ने अपने संबोधन में जागरुक किया। श्रीमती जड़िया ने कहा कि हर रोग किसी न किसी व्यसन से होता है उसके बचाव उपचार सुझाव एवं जांच के महत्व को बतलाया। छात्रों को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेना चाहिये। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य आरके सेन कहा कि सभी छात्रों को खास करके नशा से दूर रहना चाहिये जितनी भी बीमारियां होती हैं सब किसी न किसी नशे के कारण होती है इसी के कारण उनको उच्च रक्तचाप खून की कमी आदि रोग उत्पन्न होते हैं। किसी भी तरह के व्यवसन से हमें बचाना चाहिये। वह दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिये। इस अवसर पर एसएम औदिच्य, डॉ. अरुण कुमार पंडा, अनीता शुक्ला, रविंद्र तिवारी, खेमचंद अहिरवार, अमित श्रीवास, एनपी सकवार सहित शिक्षक उपस्थित थे।

स्वरोजगार हेतु आयोजित लोक कल्याण मेले में बैंक से ऋण दिलाने आवेदन पुनः प्रारंभ

सागर, देशबन्धु। निगमायुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शासन द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत नगर निगम क्षेत्र के पथ विक्रेताओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिये बैंकों से ऋण दिलाने हेतु लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया, जिसमें नगर निगम क्षेत्र के पथ विक्रेताओं को ऋण हेतु पुन: आवेदन प्रारंभ हो गये है। पथ विक्रेता किसी भी आनलाइन सेंटर से या निगम कार्यालय आकर आनलाइन आवेदन जमा कर सकते है एवं जिनके आवेदन द्वितीय एवं तृतीय चरण हेतु लंबित हैं वे अपने दस्तावेज लेकर सीधे बैंक से संपर्क कर अपना ऋण स्वीकृत करा सकते है। लोक कल्याण मेला 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगर निगम सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है। जिसके माध्यम से योजना के वित्तीय समावेशन को मजबूत करके, डिजीटल पेमेंट अपनाने को बढावा देकर और पथ विक्रेताओं व उनके परिवारों का सामाजिक आर्थिक उत्थान सुनिश्चित करके इसके प्रभाव को व्यापक बनाने के लिये पुनर्गठन किया जाना है। पीएम स्वनिधि योजना में अब पथ विक्रेताओं को नवीन आवेदन करने पर 10 हजार के स्थान पर 15 हजार रूपये का ऋण बैंक के माध्यम से प्रदान किया जावेगा। इसी प्रकार जिन्होंने 10 हजार रुपये की राशि चुका दी है उन्हें द्वितीय चरण में 25 हजार रूपये एवं तृतीय चरण में 20 हजार रूपये की राशि चुका देने पर सीधे 50 हजार रूपये का ऋण बैंक के माध्यम से प्रदान किया जावेगा। ऋण लेने के पश्चात पथ विक्रेताओं के द्वारा डिजीटल खुदरा लेन-देन करने पर 1200 रूपये एवं थोक व्यापार लेन-देन करने पर 400 रूपये तक का कैश बैक प्रदान किया जावेगा।

बाइक भिड़ीं, युवक की मौत, तीन की हालत गंभीर

बीना, देशबन्धु। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे खुरई-पठारी मार्ग पर गौड़खेड़ी गांव के पास दो बाइक आमने-सामने से भिड़ गईं। सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे। उन्होंने घायलों को सड़क से हटाकर एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल खुरई पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को उनकी गंभीर हालत को देखते हुये सागर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों में से एक की पहचान हीरालाल कुर्मी निवासी काकलखेड़ी थाना पठारी के रूप में हुई है, जबकि मृतक और बाकी दो घायलों की पहचान नहीं हो पाई। हादसे की सूचना मिलते ही खुरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पुलिस का मानना है कि दोनों बाइक तेज रफ्तार में थी।

विश्वविद्यालय के उन्नत अनुसंधान केंद्र में कार्यशाला का आयोजन

सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में उन्नत अनुसंधान केंद्र सीएआर के द्वारा कन्फोकल लेजर स्कैनिंग माइक्रोस्कोप पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 30 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्नत अनुसंधान केंद्र की मुख्य समन्वयक प्रो. श्वेता यादव की पहल पर सीएआर में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। डॉ. विवेक कुमार पांडे प्रभारी सीएआर ने सीएआर के संक्षिप्त परिचय के साथ सत्र की शुरुआत की। व्याख्यान सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. प्रियोनील बासु ने बताया कि सीएलएसएम एक महत्वपूर्ण इमेजिंग तकनीक है, जिसका उपयोग जीवविज्ञान, नैनोटेक्नोलॉजी और मटेरियल साइंस जैसे क्षेत्रों में किया जाता है। सीएलएसएम का प्रयोग मटेरियल साइंस में नैनोमैटेरियल्स, कोटिंग्स और पतली परतों आदि का विश्लेषण करने के लिये किया जा सकता है। हैंड्स ऑन सत्र शिवप्रकाश सोलंकी द्वारा सीएलएसएम के हार्डवेयर भाग और इसके सहायक उपकरणों के संक्षिप्त परिचय के साथ शुरू हुआ। प्रतिभागियों को सैम्पल तैयार करने, उसके विश्लेषण से लेकर डेटा व्याख्या तक की पूरी जानकारी प्रदान की गई।

यह सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं बल्कि सृजन, स्वरोजगार और सशक्तिकरण का उत्सव है: विधायक

सागर, देशबन्धु। दो दिवसीय वोकल फॉर लोकल उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन विधायक प्रदीप लारिया एवं महापौर संगीता तिवारी के द्वारा किया गया। यह सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं बल्कि सृजन, स्वरोजगार और सशक्तिकरण का उत्सव है। महिलाओं के आत्म निर्भर बनने और उनके हुनर को पहचान दिलाने का यह प्रयास प्रशंसनीय है। यह प्रदर्शनी अभूतपूर्व विविधता को दर्शाती है। यह दर्शकों को विविध वस्तुओं के जीवंत अनुभव के एक अभिन्न अंग के रूप में देखने के लिये आमंत्रित करती है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से कमजोर वर्गों को भी सम्मानजनक पहचान और प्रोत्साहन मिलेगा। उक्त उद्गार विधायक लारिया ने मकरोनिया में संस्कृति एग्जीबिशन के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किये। इस पूरे आयोजन में कला, संस्कृति समागम के साथ हस्त निर्मित कलाओं को एक मंच पर समाहित कर जिम्मेदारी बखूबी निभाई और तीज थीम पर आधारित उपहारों और गतिविधियों को सम्मिलित कर आगंतुकों का उत्साह और जुड़ाव बनाये रखा। एग्जीबिशन में फैशन, फूड, हैंडमेड प्रोडक्ट्स, होम डेकोर से लेकर अन्य कई रचनात्मक स्टॉल लगाये गये।

बाइक की टक्कर से युवक का पैर फ्रैक्चर

बीना, देशबन्धु। गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में 40 वर्षीय युवक भरत लोधी गंभीर रूप से घायल हो गये। यह घटना बेरखेड़ी टाडा और कोविद अस्पताल के पास हुई, जब वे अपनी बाइक से रिफाइनरी गेट नंबर एक की ओर जा रहे थे। रात करीब 10.30 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के कारण भरत सड़क पर गिर पड़े और उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई। परिजनों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दाहिने पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घायल भरत लोधी के बयान दर्ज कर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

रंजिश के चलते दो लोगों ने युवक के सिर में मारा डंडा

बीना, देशबन्धु। आगासौद थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर डंडे से हमला किया गया। इसमें सोनू 28 पिता देना बंजारा के सिर पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आगासौद चक निवासी सोनू बंजारा गुरुवार रात करीब 10 बजे घर जा रहा था। रिफाइनरी के पास धर्मेंद्र बंजारा और लल्ली बंजारा ने रास्ता रोक लिया। सोनू ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने पहले गाली गलौज की। उसने विरोध किया तो दोनों ने उसे डंडा मार दिया। सोनू लहूलुहान होकर गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर उसे अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही आगासौद पुलिस पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश का है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

10 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

सागर, देशबन्धु। न्यायालय सागर के प्रकरण क्र. 1743/2015, धारा 341, 294, 506, 34 भारतीय दंड विधान में जारी स्थाई वारंटी भीकम उर्फ हल्लू पिता प्यारेलाल यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पिडरुआ थाना बहरोल जो वर्ष 2015 से फरार था। उक्त वारंटी करीब 5 वर्षों तक जिला संबलपुर उड़ीसा में रह रहा था। पूर्व से मुखबिर लगाये जाने पर सूचना मिली कि वह हाल ही में अपने गांव वापस आकर सागर क्षेत्र में काम कर रहा है। शुक्रवार को मुखबिर की पुख्ता सूचना पर पुलिस टीम द्वारा कैंट सदर क्षेत्र सागर से उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। यह कार्यवाही अति. पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिंहा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहतगढ़ योगेन्द्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में की गई। इस सफलता में थाना प्रभारी नरयावली के नेतृत्व में गठित टीम, चौकी प्रभारी जरुआखेड़ा उप निरीक्षक अनिल कुजूर एवं आरक्षक आशीष वर्मा का योगदान रहा।

लोक पर्व का आयोजन आज

सागर, देशबन्धु। लोक पारंपरिक कलाओं पर आधारित कार्यक्रम लोक पर्व 2025 का आयोजन आज दीपक सभागार सिविल लाइंस में अपरान्ह 5 बजे से किया जावेगा। संस्था लोक कला निकेतन के आयोजन और श्यामलम् के संयोजन में होने जा रहे इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लेखिका डॉ. शरद सिंह होंगी। वरिष्ठ रंगकर्मी राजेंद्र दुबे अध्यक्षता, सत्यम बुंदेली संग्रहालय के संस्थापक दामोदर अग्निहोत्री विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर आकाशवाणी के ए ग्रेड प्राप्त बुंदेली के सुप्रसिद्ध गायक शिवरतन यादव व कपिल चौरसिया द्वारा बुंदेली के मधुर गीतों की प्रस्तुति दी जायेंगी। आयोजक संस्थाओं के उमाकान्त मिश्र और डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने सभी बुंदेली प्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाएगी

सागर, देशबन्धु। जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाये जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अंतर्गत 15 सितंबर सें 15 अक्टूबर तक सघन हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। हस्ताक्षर अभियान की सफलता के लिये शुक्रवार को जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस कमेटी भूपेंद्र सिंह महासा ने जिले भर से आये हुये कांग्रेसियों से मुलाकात की और अपने-अपने ब्लॉक में सक्रियता से हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने का आवाहन किया। हस्ताक्षर अभियान के संबंध में जानकारी देते हुये जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी आशीष ज्योतिषी ने बताया कि यह अभियान राजनीतिक अभियान नहीं है बल्कि देश के संविधान और लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की निर्णायक पहल है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी इस अभियान के प्रति बड़े संजीदा हैं यह अभियान ब्लॉक मंडल सेक्टर और बूथ लेवल तक किया जायेगा इस अभियान के तहत पूरे देश से 5 करोड़ हस्ताक्षर एकत्र कर चुनाव आयोग एवं राष्ट्रपति को जनता की सशक्त जनादेश के रूप में सौंपे जायेंगे। इस अभियान के लिये विभिन्न विधानसभाओ से कांग्रेस जन प्रतिनिधि मंडलो के साथ कार्यालय में पधारे और हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिये दिशा निर्देश प्राप्त किया। जिनमें प्रमुख रूप से रहली से कमलेश साहू, ज्योति पटेल, संजय पटेरिया, एड. बीडी पटेल, रविन्द्र लोधी, बिहारी पटेल, महेंद्र ठाकुर, बीना से इंदर सिंह ठाकुर, अनुराग पटकुई, बंडा से देवप्रशांत सिंह, श्रीकांत सराफ, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र परासिया, नरयावली से सुरेंद्र छावड़ा, पुष्पेंद्र कर्रापुर, हेमंत लारिया, जयदीप तिवारी, संजय रोहितास, सीमा चौधरी, अजय अहिरवार, देवेंद्र कुर्मी, धनसिंह अहिरवार, दीपक दुबे, सुरखी सें नीरज शर्मा, विनोद यादव, विक्रम सिंह सगोनी, राजू राजपूत, राजकुमार घनोरा सहित अनेक कांग्रेस जन शामिल है।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली * प्रबंध संपादक डॉ. योगेश दत्त तिवारी फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।